mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-131 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

14 मई 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



नीरज चोपड़ा समेत...

@ पेज 7

# पाकिस्तान के झूठ, जिसे पीएम मोदी ने कैसे किया बेनकाब



**जालंधर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जालंधर के आदमपुर एयरबेस में पहुंचकर पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब किया है। दुश्मन देश पाकिस्तान जितना बेशर्म है, उतना ही बड़ा वह झूठा भी

- **मोदी ने जालंधर के आदमपुर एयरबेस पहुंचे**

है। इसकी पोल भारतीय सेना ने पहले ही खोल दी है। वहीं, अब पीएम मोदी ने आदमपुर एयरबेस से पाकिस्तान के 5 बड़े झूठे दावों को बेनकाब किया है।

**पहला झूठ-** पाकिस्तान ने झूठा दावा करते हुए कहा था कि उनके हवाई हमले में आदमपुर एयरबेस के रनवे को नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के इसी झूठे दावे की पोल पीएम मोदी ने जालंधर के आदमपुर में स्थित एयरबेस में पहुंचकर खोल दी। मंगलवार को पीएम मोदी हवाई मार्ग से भारतीय वायुसेना के विमान से आदमपुर एयरबेस में उतरे। इससे दुश्मन देश को साफ संदेश गया कि यह एयरबेस पूरी तरह सुरक्षित है। इस दौरान पीएम मोदी यहां वीर सैनिकों से मिले और उन्हें पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए बधाई भी दी।

**दूसरा झूठ-** पाकिस्तान ने झूठा दावा किया कि आदमपुर एयरबेस में भारत के स्-400 एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को आदमपुर के एयरबेस में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के सामने खड़े नजर आए। इस तस्वीर में साफ दिख रहा है कि स्-400 सुरक्षित और सीना ताने खड़ा है। मालूम हो कि एस-400 मिसाइल प्रणाली एक लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। यह विमान, ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे विभिन्न हवाई हमलों को रोकने और नष्ट करने में सक्षम है।

**तीसरा झूठ-** पाकिस्तान ने झूठा दावा करते हुए आदमपुर एयरबेस की कथित क्षतिग्रस्त सैटेलाइट तस्वीरें साझा कीं थी। उसका दावा था कि यहां अब कोई विमान नहीं उतर सकता है। पाकिस्तान का ये झूठा दावा तभी बेनकाब हो गया, जब आदमपुर के रनवे पर पीएम मोदी भारतीय वायु सेना के विमान से उतरे। इस दौरान पीएम मोदी ने कई एयरफोर्स के सैनिकों के साथ मुलाकात की।

**चौथा झूठ-** पाकिस्तान ने झूठा दावा करते हुए कि आदमपुर एयरबेस में बड़ी संख्या में उनके सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तान का ये दावा पूरी तरह झूठा है। आदमपुर एयरबेस में पाकिस्तान किसी तरह का हवाई हमला कर ही नहीं पाया है। पाकिस्तान के हमलों को यहां के एयर डिफेंस सिस्टम ने पहले ही मार गिराया है। आदमपुर एयरबेस में तैनात किसी भी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पीएम मोदी ने सभी सैनिकों से मुलाकात की और उनका उत्साह बढ़ाने के साथ बधाई भी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेना और मेड इन इंडिया हथियारों का मुरीद हुआ अमेरिका

**अमेरिका (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौता हो चुका है। अब दोनों तरफ से गोलीबारी और हवाई हमले पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। भारत और पाकिस्तान जहां दक्षिण एशिया में शांति बनाए रखने के लिए बातचीत कर रहे हैं। वहीं, दुनिया भर के देश इस लड़ाई को लेकर अपनी राय रख रहे हैं। इस बीच अमेरिका के पूर्व अफसर ने भारतीय सेना और भारत में बने हथियारों की जमकर तारीफ की है। अमेरिकी सेना के रिटायर्ड अफसर और डिफेंस एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर ने कहा कि पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी हथियारों के सामने भारतीय हथियार बेहतर साबित हुए।दुनिया



वक्त भारत के साहस और शौर्य की तारीफ कर रही है। अमेरिकी डिफेंस एक्सपर्ट ने पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए कहा है कि पिछले कुछ दिनों में भारत के स्वदेशी हथियार पाकिस्तान और चीन के हथियारों पर भारी पड़े हैं। भारत के आगे चीन का एयर डिफेंस सिस्टम बौना साबित हुआ है। जॉन स्पेंसर ने भारत के मेड इंडिया प्रोजेक्ट की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत साल 2014 में अपनी जरूरत के गोला-बारूद का 32त्न हिस्सा भारत में बनाता था, जबकि 2024 तक 88 फीसदी हथियार और गोला बारूद मेड इन इंडिया हैं। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान के अटैक का मुंहतोड़ जवाब देने के दौरान इन हथियारों की प्रमाणिकता भी साबित हुई है।

### तेज धमाके के साथ अचानक फट गया पुराना गोला-बारूद, 4 सैनिकों समेत 13 लोगों की हुई मौत

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में बड़ा हादसा हुआ है। हादसा उस वक्त हुआ जब पुराने और अनुपयोगी गोला-बारूद का निपटान किया जा रहा था। इस दौरान गोला-बारूद में विस्फोट हो गया जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई जिनमें 4 सैनिक भी शामिल हैं। सैन्य अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। समय-समय पर किया जाता है निपटान विस्फोट का कारण तत्काल स्पष्ट नहीं है। इंडोनेशियाई सेना के सदस्य गुरूट जिले के सागरा गांव में पुराने, अनुपयोगी और अप्रभावी गोला-बारूद का निपटान कर रहे थे, जिसे एक सैन्य गोदाम केंद्र में संग्रहित किया गया था। गोला-



बारूद पुराना हो जाने पर या अनुचित तरीके से संग्रहीत होने पर अधिक शक्तिशाली नहीं रह जाता है। इसी कारण समय-समय पर इनका निपटान किया जाता है। इंडोनेशियाई सैन्य प्रवक्ता मेजर जनरल क्रिस्टोमी सियानतुरी ने बताया कि एक विस्फोट के तुरंत बाद दूसरा विस्फोट हुआ। सियानतुरी ने कहा कि 9 आम नागरिकों और 4 सैन्य कर्मियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। सियानतुरी ने कहा कि घटना की अभी जांच की जा रही है और इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि गोला-बारूद के निपटान के दौरान मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया था या नहीं। पश्चिमी जावा का यह स्थान खाली है और आवासीय क्षेत्रों से दूर है। यहां अक्सर गोला-बारूद का निपटान किया जाता है।

## 10वीं की परीक्षा देने के बाद पहलगाम घूमने गया था, आंखों के सामने पिता को खोया







**मुंबई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतकियों ने जिन निहत्थे 26 लोगों को मौत के घाट उतारा था उनमें मुंबई के डोंबिवली के तीन लोग संजय लेले, अतुल मोने और हेमंत जोशी भी शामिल थे। आज हेमंत जोशी के बेटे ध्रुव का रिजल्ट आया है। डोंबिवली के ओमकार इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ध्रुव हेमंत जोशी ने 10वीं की परीक्षा में 80त्न अंक हासिल किए हैं। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दौरान ध्रुव ने जो साहस दिखाया, इसकी भी सराहना हुई। इस हमले में ध्रुव के पिता हेमंत जोशी की दुखद मृत्यु हो गई। ध्रुव 10वीं की परीक्षा देने के बाद अपने परिवार के साथ कश्मीर में घूमने गया था लेकिन आतंकवादी हमले में महाराष्ट्र के डोंबिवली में रहने वाले हेमंत जोशी, अतुल मोने और संजय लक्ष्मण लेले के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। आतंकी हमले में अतुल मोने, हेमंत जोशी संजय और लेले की दुखद मृत्यु हो गई। हमले के समय ध्रुव भी घटनास्थल पर मौजूद था। ध्रुव की बहादुरी की हर जगह सराहना हो रही है। अपने पिता को खोने के बावजूद ध्रुव ने अपने परिवार के लिए जो धैर्य, साहस और समर्पण दिखाया, वह वाकई काबिलेतारीफ है। जम्मू-कश्मीर में छुट्टियां बिताने का फैसला संजय लेले और उनके रिश्तेदारों के लिए दुखद साबित हुआ था। घटना के दौरान संजय लेले के पुत्र हर्षल लेले को भी गोली छूकर निकली, जिससे वह हाथ में मामूली रूप से घायल हुआ था। हर्षल लेले ने बताया था कि आतंकियों के माथे पर कैमरा लगे थे।

**भारत ने की एक और स्ट्राइक**

## पाक के हाई कमीशन स्टाफ को 24 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में कई आतंकी अड्डों को खत्म किया। साथ ही कई एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तानी सेना के अड्डों को भी जमीदोंज कर दिया। अब भारत ने दिल्ली स्थित पाकिस्तानी हाईकमीशन पर एक स्ट्राइक कर दिया। भारत ने यहां काम कर रहे एक स्टाफ को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है और उसे 24 घंटे के भीतर देश छोड़ देने को कहा है। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है।

जानकारी दे दें कि यह फैसला ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है, और भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू कर कई दिनों तक सीमा पार से पाकिस्तान में आतंकी अड्डों और सैन्य अड्डों पर हमले किए गए।

भारत ने घोषित किया अवांछित व्यक्ति विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इसकी जानकारी अपने एक्स अकाउंट पर भी साझा की है। विदेश मंत्रालय ने अपने प्रेस रिलीज में





कहा, भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान हाई कमीशन में कार्यरत एक पाकिस्तानी स्टाफ को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के अनुरूप गतिविधियों में शामिल होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। ऑफिशियल को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। पाकिस्तान हाई कमीशन के प्रभारी को आज इस आशय का एक डिमार्शे जारी किया गया। अवांछित व्यक्ति घोषित होने क्या होता है मतलब?

जब किसी व्यक्ति को ÷अवांछित व्यक्ति÷ घोषित किया जाता है, तो इसका मतलब है कि अब उस देश में उसका स्वागत नहीं है और उसके राजनयिक विशेषाधिकार रद्द कर दिए गए हैं। इससे आमतौर पर उन्हें राजनयिक मिशन से वापस उसके देश भेज दिया जाता है और उनके कार्यों को समाप्त कर दिया जाता है। अगर आसान भाषा में कहे कि उन्हें अब मेजबान देश द्वारा राजनयिक स्टाफ के सदस्य के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है।

## तीन फौजी बेटों की मां पर बहू ने पति के बॉर्डर पर जाते ही बरसाए पत्थर

**ग्वालियर (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच छुट्टियां कैंसिल होने के बाद आर्मी के जवान भारत माता की रक्षा के लिए बॉर्डर पर रवाना हो गए हैं लेकिन मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में रहने वाली एक नहीं, दो नहीं, तीन आर्मी जवानों की मां पुलिस के दरवाजे-दरवाजे पर अपनी रक्षा के लिए न्याय की मांग के लिए भटक रही है। दरअसल बेटों के बॉर्डर पर जाते ही बहू ने उन्हें और उनके पति को घर से बाहर निकाल दिया है और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है। थाना पुरानी छावनी क्षेत्र में रहने



वाले बुजुर्ग दंपत्ति सोरन सिंह ओर सुनीता भदौरिया ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्होंने अपने जिन तीन बेटों को भारत माता की रक्षा लिए सेना में भेजा है उन्हीं में से सबसे छोटे बेटे की पत्नी एक दिन उन्हें दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर कर देगी। पुलिस की जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाने पहुंचे बुजुर्ग दंपति ने पुलिस को बताया कि उनके तीन बेटे भारतीय सेना में है। सबसे छोटे बेटे प्रशांत भदौरिया की पत्नी बबीता तोमर ने उनके बेटे के बॉर्डर पर जाते ही उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। अभी वह किराए के मकान में रह रही हैं। यही नहीं बबीता ने उसके मझले बेटे के खिलाफ थाना पड़ाव में झूठी स्नढ्ढक्र भी दर्ज कर दी है.. जबकि उनका मझला बेटा देशराज भदौरिया दिल्ली में रहता है। उनके तीनों बेटों के पुश्तैनी मकान पर भी बबीता ने जबरन कब्जा कर लिया है।

## जहां सेना के अधिकारी आतंकियों को जनाजे में शामिल होते हैं, उस पर कैसे भरोसा करें?

**पाकिस्तान को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को तबाह कर दिया। इस हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे में वहां से बड़े सैन्य अधिकारी शामिल हुए। अब भारत में यह मांग फिर से उठने लगी है कि पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषिक किया जाए। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को केंद्र सरकार से मांग की कि वह पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करने वाला प्रस्ताव पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए। 'आप' के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷संसद का विशेष सत्र बुलाएं? और हम पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करेंगे। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं और उनके ठिकाने वहां फलते-फूलते हैं। पूरे देश ने देखा है कि उनके सैन्य अधिकारी आतंकवादियों के जनाजे में शामिल होते हैं। हम ऐसे देश पर कैसे भरोसा कर सकते हैं?÷ सिंह ने सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार की आलोचना की। 'आप' सांसद ने सवाल किया, ÷हमारी सेना करारा जवाब दे रही थी, लेकिन तभी हमने संघर्ष-विराम की घोषणा कर दी।हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं? 22 अप्रैल को हमारे



लोगों को मारने वाले आतंकवादी कहां हैं?÷ दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने भी अपनी चिंता जाहिर की और सवाल पूछा कि क्या न्याय हुआ है। देश जानना चाहता है-क्या पहलगाम हमले के दोषी आतंकवादियों को पकड़ लिया गया है? क्या सिंदूर का बदला ले लिया गया है?÷ 'आप' की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने केंद्र पर अपने चुनावी वादों से पीछे हटने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि 2024 के चुनावों के दौरान भाजपा नेतृत्व ने वादा किया था कि अगर मोदी फिर से प्रधानमंत्री बने, तो छह महीने के भीतर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस ले लिया जाएगा।

## दिल्ली में शुरू हुई झमाझम बारिश

**लोगों को गर्मी से मिली राहत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल गई है। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मंगलवार शाम को आंधी आने का भी अनुमान जताया गया है। इस दौरान 30-35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। ये जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने दी है।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार शाम को दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम में बारिश होने का अनुमान पहले ही जता दिया गया था। आईएमडी की ओर से पहले ही कहा गया था कि इन सभी इलाकों में तेज हवाएं भी चलेंगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी आज बारिश होने का अलर्ट है।

दिल्ली में आज दिन के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहे। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली-एनसीआर के अलावा आईएमडी ने कई राज्यों के लिए



बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में बारिश होने का अनुमान है। पूर्वोत्तर भारत के अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा और सिक्किम के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। कई जगहों पर ओलावृष्टि होने की भी संभावना जताई गई है।

## कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे देश की दखल भारत को मंजूर नहीं

**विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने यह साफ कर दिया है पाकिस्तान के साथ जो मुद्दे हैं उसे दोनों देश मिलकर सुलझा लेंगे, किसी तीसरे पक्ष को बीच में आने की जरूरत नहीं हैं। भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमारा लम्ब? अरसे से यही पक्ष रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय तरीके से ही हल करना है। इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, लंबित मामला केवल पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्ज़ा किए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। अमेरिका के साथ किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा

ट्रम्प और व्यापार पर से जुड़े एक



सवाल पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि ÷7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत हुई। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा।

पाक विदेश मंत्रालय के बयान से जुड़े सवाल पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तानी पक्ष द्वारा दिए गए बयान को देखा है। एक ऐसा देश जिसने बड़े पैमाने पर आतंकवाद को बढ़ावा दिया है, उसे यह सोचना चाहिए कि वह इसके परिणामों से बच सकता है क्या? यह खुद को मूर्ख बनाना है। भारत ने आतंकियों को जिन बुनियादी ढांचों को ध्वस्त कर दिया, वह न केवल भारतीयों की बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। अब एक न्यू नॉर्मल है। जितनी जल्दी पाकिस्तान इसे समझ ले उतना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप पाकिस्तान ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर अपने आतंकवादी केंद्रों को नष्ट होते देखा है। इसके बाद, हमने उसकी सैन्य क्षमताओं को काफी हद तक कम कर दिया और प्रमुख एयरबेसों को निष्क्रिय कर दिया। अगर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इसे उपलब्धियों के रूप में पेश करना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है।

## पालघर के दंपति की फिलीपीन में हुई मौत, सड़क हादसे में गई जान

**पालघर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई में रहने वाले एक दंपति की सड़क दुर्घटना में फिलीपीन में मौत हो गई। सेंट थॉमस चर्च के मुख्य पादरी ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी। घटना 10 मई की है, जब 50 वर्षीय जेराल्ड परेरा और उनकी 46 वर्षीय पत्नी प्रिया दोपहिया वाहन पर सवार होकर बाडियान, फिलीपीन जा रहे थे, तभी



एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और इसके बाद दंपति बिजली के खंभे से जा टकरा गए। हादसे में प्रिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जेराल्ड को गंभीर रूप से घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। दंपति के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं और चर्च के पदाधिकारियों ने बताया कि फिलीपीन में उनकी पार्थिव देह को वापस लाने के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का इंतजार किया जा रहा है। एक अन्य खबर में, महाराष्ट्र के जालना जिले में सोलापुर-धुले राजमार्ग पर एक कार और ट्रक के बीच टक्कर होने से हैदराबाद के एक दंपति की मौत हो गई। इस हादसे में तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे अंबद तहसील में हुई, जब सभी लोग शिरडी जा रहे थे। मृतकों की पहचान जी राम (42) और उनकी पत्नी जी माधुरी (39) के रूप में हुई।

## अब एसपी को डीजीपी की मंजूरी के बाद मिलेगी छुट्टी

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। सीमा पर तनाव को देखते हुए मप्र पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। पीएचक्यू ने रविवार को इस संबंध में गोपनीय आदेश जारी किया। इसके अनुसार, डीएसपी और एएसपी को अवकाश के लिए संबंधित एडीजी या आईजी से, जबकि एसपी, कमांडेंट, एआईजी व उच्च अधिकारियों को डीजीपी से अनुमोदन लेना होगा। यह आदेश सभी प्रकार के अवकाशों पर लागू होगा। इससे पहले सामान्य प्रशासन ने 13 विभागों के अवकाश पर रोक लगाई थी।

## टेक्सटाइल में एक्सपोर्ट बढ़ाने 16 को कॉन्क्लेव

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर से एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए 16 मई को इंदौर में कॉन्क्लेव होगा। मप्र की हाल ही में जारी टेक्सटाइल पॉलिसी के बारे में भी इस सेक्टर के उद्योगपतियों को जानकारी दी जाएगी। इस विशेष टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में मैन मेड (सिंथेटिक), होम टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे सेक्टर्स पर एक्सपर्ट्स तकनीकी जानकारी देंगे। इन नए सेक्टर्स में कैसे एक्सपोर्ट को बढ़ाया जा सकता है, इसकी जानकारी भी दी जाएगी। उद्योगपतियों को मैन मेड टेक्निकल टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (मैटेक्सिल) के साथ जुड़कर टेक्सटाइल व्यापार को नए स्तर पर ले जाने के लिए प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। जेपी अस्पताल के अलावा अब निजी मेडिकल कॉलेज से भी अमरनाथ यात्रा का मेडिकल सर्टिफिकेट मिल सकेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने सोमवार को जारी नई सूची में चिरायु मेडिकल कॉलेज के 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों को सर्टिफिकेट बनाने के लिए अधिकृत किया है। ये सभी डॉक्टर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच कर प्रमाण-पत्र जारी करेंगे, जो यात्रा के लिए अनिवार्य है। जिन डॉक्टरों को अधिकृत किया गया है, वे सभी मेडिसिन विशेषज्ञ हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने अमरनाथ यात्रा की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, ऊंचाई, ऑक्सीजन की कमी और खराब मौसम को देखते हुए मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र को अनिवार्य कर दिया है। बिना प्रमाण-पत्र के यात्रा परमिट जारी नहीं होता। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रमाण-पत्र में डॉक्टर का नाम और पंजीयन क्रमांक अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 2025 की यात्रा की तारीखों की घोषणा कर दी है। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर रक्षाबंधन यानी 9 अगस्त तक चलेगी। इस बार यात्रा 38 दिनों की होगी, जो पिछले साल की तुलना में 14 दिन कम है।

## जिले और ब्लॉक तक के कार्यकर्ताओं दी जानी है ट्रेनिंग

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मप्र कांग्रेस में लगातार इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि वे प्रदेश से लेकर जिले तक प्रशिक्षण करवाएंगे। बीते तीन महीने में अलग-अलग पदाधिकारियों के माध्यम से यह बात सामने आ चुकी है। इसमें भोपाल मुख्यालय से लेकर पचमढ़ी कैंप भी शामिल है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अब ट्रेनिंग कैसे कराई जाएगी, इसको लेकर कोई मॉड्यूल ही तैयार नहीं हुआ है। इस बात की तस्दीक मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाए गए प्रशिक्षण विभाग और चुनाव प्रबंधन विभाग के अ??धिकारियों से हुई बातचीत से हुई। प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख महेंद्र जोशी ने बताया कि मंच टूटने के बाद से दो महीने से वे घर पर आराम कर रहे हैं। प्रशिक्षण मॉड्यूल को लेकर उन्होंने बताया कि प्रदेश से लेकर जिले और ब्लॉक तक के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, लेकिन फिलहाल मॉड्यूल तय नहीं हुआ है।

# उप मुयमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर के नारायणगढ़ में 2 करोड़ 32 लाख के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मंदसौर जिले के मल्हारगढ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में 2करोड़ 32 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। विकास कार्यों की गति प्रदान करने के उद्देश्य से एक करोड़ की लागत से निर्मित नगर परिषद नारायणगढ़ के नवीन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि नगर परिषद भवन का नाम सुदर्शन नाम रखा जाएगा। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से हर खेत को सिंचाई के लिए पानी एवं हर गांव में पीने के पानी की सुविधा मिलेगी।



उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने खजूरी गोड़ में अस्पताल के लिए जमीन दान करने वाले दानदाताओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि खजूरी गोड़ में मांगलिक भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांधी सागर का पानी खेतों में लाने का काम किया है। जिस पर लगातार काम चल रहा है। जिससे अब किसान 1 साल में तीन बार फसल ले सकेंगे। एक समय था जब किसान सिंचाई और बिजली के लिए परेशान था लेकिन अब बिजली 24 घंटे मिल रही है। सिंचाई के लिए बड़ी-बड़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं बन रही है।

सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना चलाई, जिससे गरीब व्यक्ति की संकट के समय मदद की है, जिससे हर परिवार को एक साल में 5 लाख तक का निशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। सरकार ने गैस कनेक्शन, शौचालय की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि, बिना ब्याज के ऋृण, लाडली बहना योजना, संबल जैसी अनेक योजनाएं चलाई है। इस अवसर पर सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, जिला अध्यक्ष श्री राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक श्री राधेश्याम पाटीदार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार एवं आम नागरिक मौजूद रहें।

## एम्स से सुभाष नगर मेट्रो-रूट पर हैं ये बड़ी बाधा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** एम्स से सुभाष नगर मेट्रो रूट में बाधा आरा मशीनें इस साल के अंत तक एयरपोर्ट रोड स्थित छोटा रातीबड़ में शिफ्ट हो जाएंगी। यह दो चरणों में शिफ्ट होंगी। पहले चरण में बरखेड़ी स्थित 46 मशीनें अगस्त तक शिफ्ट होंगी। इसके बाद दूसरे चरण की शिफ्टिंग शुरू होगी। साल के अंत तक सभी 105 मशीनों को शिफ्ट किया जाएगा। अब इन्हें उद्योग में शामिल कर लिया गया है। इससे इन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाली सब्सिडी का फायदा भी मिलेगा।

एलयूएन के मैनेजर रवींद्र वर्मा ने बताया कि एम्स से सुभाष नगर के बीच बन रहे मेट्रो रूट के रास्ते में 46 आरा मशीनें आ रही हैं। बरखेड़ी में स्थित इन मशीनों की शिफ्टिंग के लिए छोटा रातीबड़ में डेवलपमेंट का काम शुरू कर



दिया गया है। यहां पर पहले 46 प्लॉट तैयार किए जा रहे हैं। यह 5 हजार वर्ग फीट से लेकर 8 हजार वर्ग फीट तक के हैं। पहले चरण में करीब 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए रोड नेटवर्क और पानी की व्यवस्था आदि की जा रही है। इससे मेट्रो का काम बरखेड़ी से लेकर भारत टॉकीज तक शुरू हो पाएगा। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें शिफ्टिंग की प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी।

एम्स से करोंद तक 14.99 किमी लंबे मेट्रो रूट में से एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी के रूट पर कमर्शियल रन की तैयारी चल रही है। इसके आगे यानी सुभाष नगर से करोंद तक 8.77 किमी के रूट पर काम चल रहा है। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 के सामने ईरानी डेरा पूरी तरह हट गया है। यहां पर मेट्रो का अंडरग्राउंड स्टेशन बनना है। इसका काम शुरू हो गया है।

## एमपी बनेगा एएसके आयुष्मान चैटबॉट वाला देश का पहला राज्य

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए एक जून से नई सुविधा शुरू होने जा रही है। मोबाइल चैटबॉट के जरिए योजना से जुड़े लोगों को इलाज का पूरा खर्च, बची हुई लिमिट और नजदीकी आयुष्मान अस्पताल की जानकारी देने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन जाएगा।ह्यद्म आयुष्मान नाम से शुरू हो रहा यह एआई आधारित चैटबॉट 24×7 उपलब्ध रहेगा। यह मैसेजिंग एप की तरह काम करेगा।

आयुष्मान योजना से जुड़े मरीज डिजिटल वॉलेट के माध्यम से जान सकेंगे कि उन्हें आयुष्मान कार्ड पर कुल कितनी राशि मिली थी। कितना खर्च हो चुका है और कितनी रकम शेष है। यह सुविधा मोबाइल और कंप्यूटर




दोनों पर उपलब्ध रहेगी। जिससे वे अस्पताल जाने से पहले ही अपने इलाज से जुड़ी जानकारी घर बैठे ले सकेंगे।

चैटबॉट सिर्फ राशि ही नहीं बताएगा, बल्कि लाभार्थी को यह भी बताएगा कि उसके नजदीक कौन-कौन से आयुष्मान इमपेनल्ड अस्पताल हैं। वे किस इलाज के लिए अधिकृत हैं और वहां कैसे पहुंचा जा सकता है। देश में पहली बार इस योजना में गूगल मैप जैसे नेविगेशन की सुविधा भी जोड़ी गई है।


आयुष्मान योजना के सीईओ डॉ. योगेश भरसट ने बताया कि यह तकनीकी पहल न केवल पारदर्शिता लाएगी बल्कि योजना में हो रही गड़बड़ियों और लीकेज को भी रोकेगी। लाभार्थियों को योजना की संपूर्ण जानकारी मिलेगी, जिससे वे किसी भी तरह के भ्रम या धोखाधड़ी से बच सकेंगे।

## अब भोपाल में होंगे सटीक और सुरक्षित किडनी ऑपरेशन

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। किडनी स्टोन की सर्जरी अब और अधिक सटीक और सुरक्षित होगी। एम्स भोपाल देश का पहला केंद्र बनने जा रहा है। जहां पर 3डी प्रिंटेड आर्टिफिशियल किडनी पर ट्रायल सर्जरी की जाएगी। इस परियोजना के तहत पहले मरीज के सीटी स्कैन, एमआरआई इमेज और अन्य टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर उसकी आंतरिक संरचना का थ्री डायमेंशनल (3डी) मॉडल तैयार किया जाएगा। उस पर सर्जरी कर मुख्य ऑपरेशन की पूरी योजना बनाई जाएगी।

संस्थान को मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद से 3डी प्रिंटिंग तकनीक पर आधारित किडनी सर्जरी नवाचार परियोजना के लिए 9 लाख रुपए की अनुसंधान अनुदान राशि स्वीकृत हुई है। इस परियोजना का नेतृत्व यूरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केतन मेहरा कर रहे हैं।

उनके साथ सह-अन्वेषक के रूप



में सीटीवीएस विभाग से डॉ. विक्रम वट्टी भी जुड़े हैं। दोनों विशेषज्ञों की यह टीम सर्जरी से पहले मरीजों की किडनी का सटीक थ्री डी मॉडल तैयार कर, उस पर सर्जरी करेंगे। इसके लिए 7 लाख रुपए का 3डी प्रिंटर खरीदा जा रहा है। यह एम्स का चौथा 3डी प्रिंटर होगा। इससे पहले एनाटमी, ऑर्थोपेडिक और डेंटल डिपार्टमेंट के पास एक-एक 3डी प्रिंटर है।

डॉ. केतन मेहरा ने बताया कि परंपरागत तौर पर किडनी स्टोन की सर्जरी में चीरा लगाने का स्थान ऑपरेशन के दौरान तय होता है। इस नई तकनीक में सर्जरी से पहले ही 3डी मॉडल पर अभ्यास किया जा सकेगा।

## वन विभाग ने लहारपुर में किया है विकसित ,ग्रह-नक्षत्र वाले 750 पौधे लगाए थे, इनमें 90 प्रतिशत जिंदा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। वन विभाग ने लहारपुर में 5 साल पहले नक्षत्र वन तैयार किया था। नक्षत्र वन को सकारात्मक ऊर्जा के केंद्र के रूप में बनाया है। यहां नक्षत्र, राशि और ग्रहों के आधार पर 48 तरह के 750 से ज्यादा पौधे रोपे गए हैं। इनमें से 90 प्रतिशत पौधे अब भी जिंदा हैं। प्रत्येक पौधे के पास लगाई पट्टिका में राशि, ग्रह व नक्षत्र से संबंधित पौधे और उसके प्रभाव की जानकारी लिखी है। लोग अपने राशि, नक्षत्र और ग्रहों के आधार पर लगे पौधे के आसपास घूम सकते हैं। इससे लोगों को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

**नक्षत्रों के हिसाब से पौधे-** 27 नक्षत्रों के हिसाब से विशेष पौधे लगाए गए हैं। अश्विनी (कोचिला), भरणी (आंवला), कृतिका (गुल्लड़), रोहिणी (जामुन), मृगशिर (खैर), आद्रा (शीशम), पुनर्वसु (बांस), पुष्य (पीपल), आश्लेषा (नागकेसर), मघा (वट), पूर्वाफाल्गुनी (पलास), उत्तराफाल्गुनी (पाकड़), हस्त (रीठा), चित्रा (बेल), स्वाति (अजरुन), विशाखा (कटैया), अनुराधा (भालसरी), ज्येष्ठा (चीर), मूल (शाल), पूर्वाषाढ़ा (अशोक), उत्तराषाढ़ (कटहल),श्रवण (अकौन), धनिष्ठा (शमी), शतभिषा (कदम्ब), पूर्व भाद्रपद (आम), उत्तर भाद्रपद (नीम), रेवती (महुआ)।

## स्कूल शिक्षा को भारतीय मूल्यों, संस्कृति आधारित शिक्षा से जोड़ने के लिये किये गये प्रभावी प्रयास

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है, जिसका उद्देश्य भारत के सतत् विकास के लिये आवश्यक शैक्षिक सुधारों को साकार करना प्रमुख रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का स्कूल शिक्षा में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय परम्परा और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाये रखते हुए, आधुनिक, वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में समग्र परिवर्तन को प्रस्तावित करती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति कहती है कि शैक्षिक प्रणाली का उद्देश्य अच्छे इंसानों का विकास करना है, जो तर्कसंगत विचार और कार्य करने में सक्षम हो, जिसमें करूणा और सहानुभूति, साहस और लचीलापन, वैज्ञानिक चिंतन, रचनात्मक कल्पना शक्ति, नैतिक मूल्य और आधार हो। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह का मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता को ध्यान में रखते हुए समावेशी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 स्थानीय और वैश्विक आवश्यकताओं के बीच संतुलन भी बनाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों, शिक्षाविदों, शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के 43 सदस्यीय टॉस्क फोर्स का गठन प्रदेश में किया जा चुका है। टॉस्क फोर्स के गठन के बाद नीति के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं सुझाव के लिये टॉस्क फोर्स की 3 बैठकों का आयोजन भी किया जा चुका है। इसके साथ ही निरन्तर समीक्षा के लिये 13 समितियों का गठन भी किया जा चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में जुलाई 2024 में गुरूपूर्णिमा के महत्व एवं पारम्परिक गुरू-शिष्य संस्कृति पर प्रार्थना सभा में बातचीत एवं शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण का आयोजन भी किया गया है। प्रदेश की शालाओं में जन्माष्टमी पर्व पर आयोजन अगस्त 2024 में किया गया। आयोजन में श्रीकृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं व्याख्यान आयोजित किये गये। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के आयोजन को देखते हुए भाषा भारती कक्षा-7 पाठ 18 सुरभि संस्कृत कक्षा 8 में लोकमाता के जीवन पर केन्द्रित पाठ्यक्रम को शामिल किया गया। स्कूलों में बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिये निरन्तर कैम्प भी आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में 26 से 29 नवम्बर 2024 के मध्य श्रीमद् भागवत गीता आधारित मूल्य शिक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 दिसम्बर 2024 को गीता जयन्ती के अवसर पर विद्यालयों में गीताकर्म पर आधारित व्याख्यान एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए आईआईटी के विशेषज्ञ बना रहे डीपीआर

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को सिद्ध करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 30 मार्च से 'जल गंगा सवंर्धन अभियान' प्रारंभ किया गया है।

अभियान का समापन गंगा दशहरा, 30 जून को होगा। जन-जन के जीवन से जुड़ा यह महत्वपूर्ण अभियान में नये तालाब बनाये जा रहे हैं, पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है और नदियों को साफ-स्वच्छ किया जा रहा है। अभियान में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में भी जल



संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं।

विदिशा जिले की जीवनदायिनी बेतवा नदी की दीर्घकालिक सुरक्षा एवं पुर्नजीवन जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्धेश्यों की प्राप्ति एवं सतत जल प्रबंधन लक्ष्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण के लिए जिला प्रशासन वृहद परियोजना तैयार कर रहा है। परियोजना को मूर्तरूप देने के लिए विशेषज्ञों को क्षेत्र का भ्रमण कराया जा रहा है। बेतवा नदी के संरक्षण और शुद्धिकरण पर आधारित परियोजना को मूर्तरूप दिया जा रहा है। परियोजना में नदी में मिलने वाले सॉलिड और लिक्विड वेस्ट को नियंत्रित करने और नदी के प्राकृतिक प्रवाह एवं पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने पर फोकस किया जा रहा है। इससे नदी के क्षरण को रोका जा सकेगा। इसके लिए इन्दौर आईआईटी के विशेषज्ञों की टीम ने बेतवा नदी के घाटों, एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और नालों का गहन सर्वेक्षण किया। आईआईटी इन्दौर की टीम ने नदी के विभिन्न घाटों, नालों और एसटीपी की वस्तु-स्थिति का आकलन किया और गंदगी के स्त्रोतों की पहचान की। आगामी चरण में टीम नदी के बहाव क्षेत्र का भ्रमण कर एक विस्तृत वैज्ञानिक डीपीआर तैयार करेगी।

## मप्र में 5.46 लाख हेक्टेयर वन भूमि पर कब्जा

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मप्र में जंगल की 5.46 लाख हेक्टेयर से ज्यादा जमीन अतिक्रमण की चपेट में हैं, जो देशभर में सबसे ज्यादा है। यह मप्र की कुल वनभूमि का 7.17ल है। यह जानकारी मप्र सरकार की ओर से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में दिए गए हलफनामे के सामने आई है। एनजीटी ने वन भूमि पर अतिक्रमण पर स्वत- संज्ञान लेते हुए सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से ये जानकारी मांगी थी। हालांकि राज्य सरकार ने दावा किया है कि 2024 में 17 हजार 496 हेक्टेयर वन भूमि मुक्त भी कराई है। मप्र के बाद दूसरा राज्य असम हैं, जहां 3.62 लाख हेक्टेयर वनभूमि अतिक्रमण का शिकार है। अब तक 25 राज्यों ने एनजीटी को अपनी वन भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी दी है। कर्नाटक में 86 हजार 308.44 हेक्टेयर और अरुणाचल में 53 हजार 500 हेक्टेयर पर अतिक्रमण है। पुडुचेरी और लक्षदीप में कोई अतिक्रमण नहीं हैं। बिहार, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, तेलंगाना, प. बंगाल, नगालैंड, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मेघालय आदि ने जानकारी नहीं दी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) असीम श्रीवास्तव ने बताया कि वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान शुरू करने के लिए हम हर जिला प्रशासन के साथ बैठकें कर रणनीति बना रहे हैं। नए अतिक्रमण चिह्नित करने मोबाइल एप तैयार कराया है। मप्र में सर्वाधिक अतिक्रमण छिंदवाड़ा (पाढुर्ना समेत) जिले में है। निमाड़ के 4 जिले बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, अलीराजपुर टॉप-10 में शामिल हैं। शाजापुर एकमात्र जिला है जहां वन भूमि पर कब्जा नहीं हैं। बालाघाट जिले में सबसे कम 28.88 हेक्टेयर वन भूमि पर ही अतिक्रमण है। यहां बता दें कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और राज्य सरकार की अनुमति के बिना एक इंच वन भूमि का न तो लैंडयूज बदला जा सकता है।

## अब लोगों तक पहुंचेगा पासपोर्ट कार्यालय





मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मप्र में पासपोर्ट बनाने की राह और भी सरल होने जा रही है। विदेश मंत्रालय ने प्रदेश में ऑनलाइन पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसके बाद आवेदक को कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर के पास ही सारी औपचारिकताएं पूरी की जा सकती हैं। यह वैन अपने आप में पूरा चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय होगी। मप्र में यह सेवा उन जिलों या इलाकों में मिलेगी, जहां अभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा नहीं है। इसके लिए शेड्यूल तैयार किया जाएगा। वैन में फिंगरप्रिंट्स, बायोमेट्रिक स्कैनिंग, दस्तावेज सत्यापन और फोटो खींचने की पूरी प्रक्रिया मौजूद होगी।

# कलेक्टर ने सुनी 105 आवेदकों की समस्यायें



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 105 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम ग्रामीण एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 33 आवेदन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 33 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रिज्म जॉन्सन द्वारा सतना में आयोजित हुआ

# प्रिज्म सपने रिडेम्पशन एवं उपहार वितरण समारोह



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रिज्म सीमेंट द्वारा सतना में जुलाई एवं नवंबर माह में आयोजित प्रतियोगिताके सपने रिडेम्पशन के उपहार वितरण समारोह का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर तालुका क्षेत्र के सैकड़ों ठेकेदारों और मिस्त्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत गुणवत्ता निर्माण पद्धतियों पर एक ज्ञानवर्धक सत्र से हुई, जिसमें प्रिज्म सीमेंट की विशेषज्ञ टीम ने निर्माण की तकनीकी बारीकियों और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों पर विस्तार से जानकारी साझा की।इसके पश्चात कंपनी द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रस्तुति दी गई, जिनमें शामिल थीं: प्रिज्म छात्रवृत्ति योजना, प्रिज्म बीमा योजना, भूमि पूजन किट और पीजेएल कवर ब्लॉक्स के उपयोग।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्रिज्म चैंपियन प्लस, प्रिज्म चैंपियन ड्युराटेक, तथा प्रिज्म चैंपियन ऑल वेदर जैसे उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रिज्म सपने के माध्यम से कंपनी ने ठेकेदारों एवं मिस्त्रियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए अपने उत्पादों और योजनाओं को सरल, प्रभावी एवं व्यावहारिक रूप से प्रस्तुत किया।

इस समारोह की गरिमा को बढ़ाया क्षेत्रीय तकनीकी प्रमुख श्री अक्षुण्ण राज, शाखा प्रबंधक श्री सदाब्रज सिंह तथा सेल्स प्रमोटर श्री भव्य छाछरिया की उपस्थिति ने, जिन्होंने मंच से अपने प्रेरणादायक विचार एवं अनुभव साझा किए।कार्यक्रम का सफल संचालन आईआरएम श्री लोकेश गुप्ता द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रिज्म सीमेंट की विशेषताओं, गुणवत्ता, एवं भविष्य की योजनाओं के बारे उपस्थित जलसमूह को विस्तार से जानकारी दी।उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एण्ड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

# गोरमा डैम की परिधि में ड्रोन कैमरे उड़ाना प्रतिबंधित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वर्तमान परिस्थितियों तथा शासन के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं ड्रोन नियम 2021 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार मऊगंज जिले की हनुमना तहसील की ग्राम पंचायत बिझौली शुक्लान में स्थित गोरमा डैम की एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी तरह का ड्रोन, फ्लाई कैमरा अथवा इसी तरह के अन्य उपकरणों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है इसलिए विभिन्न संचार माध्यमों तथा समाचार पत्रों के माध्यम से आमजनता को अवगत कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मऊगंज तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आदेश का समुचित प्रचार-प्रसार तथा पालन सुनिश्चित करें।

# आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बना

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाये जाने को ध्यान में रखते हुए नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम शुरू किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। कंट्रोल रूम का फोन नंबर 07662-255143 है। कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय तथा सहायक नोडल अधिकारी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जीवेन्द्र सिंह को बनाया गया है। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित किया गया है।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश के अवसर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आवेदक ध्र्ध्र्ध्.डुम्र्डु.थ्र्द्र.ढ़द्गध्.त्द पर 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। प्रिया अग्रवाल श्रमपदाधिकारी ने बताया कि संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट के लिये दो वर्षीय पाठ्य्क्रम तथा फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइन एण्ड डेकोरेशन आयओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्य्क्रम में प्रवेश हेतु आवेदन किये जा सकते हैं। वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है जबकि शेष सभी सात पाठ्य्क्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाहय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# टीएल बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 14 मई को टीएल बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित की गयी है। बैठक में सभी जिला अधिकारियों को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। टीएल बैठक में संबंधित एसडीएम, जनपद के सीईओ तथा तहसीलदार गूगल मीट के माध्यम से एक ही स्थान से जुड़ेंगे।

# मऊगंज में कंट्रोल रूम शुरू

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आपात स्थिति में आवश्यक जानकारियों के आदान-प्रदान तथा विभिन्न विभागों में समन्वय के लिए मऊगंज कलेक्ट्रेट में जिला कंट्रोल रूम शुरू हो गया है। इस संबंध में कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बताया कि कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा। इसका फोन नम्बर 07663-292975 है। कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता को दी गई है। उन्हें सहयोग देने के लिए सहायक प्रभारी के रूप में एएफओ जसराम जाटव को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट की खाद्य शाखा में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहकारी निरीक्षक ओपी श्रीवास्तव तथा कम्प्यूटर आपरेटर विशाल तिवारी तैनात रहेंगे। दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक सहकारी निरीक्षक मुन्नालाल साकेत तथा अमरदीप मिश्रा एवं रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक एसएडीओ अरूण इंग्ला तथा उपयंत्री प्रेमलाल तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम में रिजर्व ड्यूटी के लिए एसएडीओ उमेशचन्द्र हतागले तथा एसएडीओ सुरपाल चौहान को तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाएं प्रतिदिन पंजी में संधारित की जाएंगी।

पिंडरा जल चौपाल में बनी मंदाकिनी पुनर्जीवन की रणनीति

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जारी है श्रमदान






**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत म.प्र.जन अभियान परिषद के संयोजन एंव दीनदयाल शोध संस्थान के नेतृत्व में मां मंदाकिनी पुनर्जीवन जन जागरूकता अभियान के तृतीय दिवस मंगलवार को मझगवां जनपद के ग्राम पिंडरा में मां मंदाकिनी नदी के तट पर जल चौपाल का आयोजन हुआ। मां मंदाकिनी पुनर्जीवन नदी जल चौपाल कार्यर्‍ म में कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां से आये अजय चौरसिया ने ग्रामीण जनों को जल संरक्षण की विविध प्रविधियां के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि हम धरती का पानी लगातार निकालते रहेंगे और उसमें वापस डालने के लिए कोई प्रयास नहीं करेंगे, तो धरती के अंदर का जल खत्म हो जाएगा। जिससे पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगेगा और भूमि बंजर होने लगेगी। इसलिए हमें जल के उपयोग के साथ-साथ जल की बचत और संग्रहण पर प्रयास प्रारंभ करना चाहिए। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया द्वारा ग्राम जनों के साथ संवाद कर मां मंदाकिनी के जल स्तर में हुए बदलाव के कारण एवं नदी के पुनर्जीवन हेतु समुदाय द्वारा किए जा सकने वाले उपायों पर चर्चा की गई। दीनदयाल शोध संस्थान प्रशिक्षक अशोक पाण्डेय द्वारा जल संरक्षण एवं नदी पुनर्जीवन विषय पर लोगों को जानकारी दी गई। समाजसेवी जीतेंद्र द्विवेदी ने नदी के महत्व एवं सामुदायिक प्रयासों के महत्व पर चर्चा की। तत्पश्चात ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती सरमनिया मवासी द्वारा सभी ग्राम वासियों का आभार एवं मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन हेतु कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यर्‍ म के अंत में सभी सहभागियों ने जागरूकता रैली का आयोजन किया एवं नदी तट पर पहुंचकर मां मंदाकिनी की पूजा अर्चना की एवं श्रम सेवा कर तट की साफ़सफ़ाई करते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल नागौद के 12वीं एवं 10वीं का परिणाम रहा अत्यंत सराहनीय




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नागौद क्षेत्र का पहला तथा एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के 10वीं एवं 12वीं का परिणाम अत्यन्त ही सराहनीय रहा।

आप सभी को बता दें कि विगत दिनों केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल नागौद का परीक्षा परिणाम अत्यन्त ही प्रशन्सनीय रहा जिसमें विद्यालय में कक्षा 12वीं में क्रमशः सौरवेन्द्र सिंह 91% अनन्या जैन 86% निशा सिंह 85.2%, उत्कर्ष सिंह परिहार 84.2%, करुना कुशवाहा 83.8%, नमन गोयल 82.8%, मंजरी 82.4% प्रान्सू पटेल 81.4% वही कक्षा 10वीं में वैशाली गौतम 91% महिमा सिंह 86.2% अभव्या सिंह 86% आयुश प्रजापति 85.4% मान्सी अग्रवाल 84.4% इन सभी बच्चों के सराहनीय प्रदर्शन पर विद्यालय के सचिव विजयपाल सिंह ने सभी बच्चों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी साथ ही उन्होने कहा हम विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावको को विद्यालय में अवश्य सम्मानित करेंगे। वही विद्यालय की डॉयरेक्टर शशी सिंह ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय परिवार बच्चों के इस प्रदर्शन से अत्यन्त खुश है इसमें विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की भूमिका अत्यन्त ही सराहनीय रही हम बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे आंगे भी कठोर परिश्रम की अपनी आदत को इसी प्रकार बनाये रखें हम अब निरन्तर इसी तरह बच्चों के प्रति और अत्यधिक मेहनत करेंगें जिससे कि बच्चों का प्रदर्शन निरन्तर इसी प्रकार और अत्यधिक बढ़ता जाए। वहीं विद्यालय के प्राचार्य / डॉयरेक्टर संजीव श्रीवास्तव मध्यप्रदेश स्पोर्टस योगा फेडरेशर के अध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल रक्षा श्रीवास्तव तथा समस्त शिक्षकों ने सभी बच्चों के प्रदर्शन को सराहते हुए बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# उप मुख्यमंत्री ने की विभागीय विषयों की समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक एवं ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की भर्ती के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन शीघ्र किया जाए, ताकि पात्र आवेदकों को अवसर मिल सके और स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हों। उन्होने निर्देश दिए कि नर्सिंग संवर्ग के पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी की जाए। नियमों में आवश्यक संशोधन कर भर्ती के लिए मांग पत्र ई.एस.बी. को तत्काल प्रेषित किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, अधोसंरचना विकास एवं रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति के संबंध में महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भुगतान की प्रर्‍ि या नियमित रूप से की जाए, ताकि बजट का समुचित सदुपयोग सुनिश्चित हो और विकास कार्यों में गति लायी जा सके। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने रीवा एवं इंदौर मेडिकल कॉलेज के उन्नयन का प्रस्ताव केबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजे जाने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी तथा संचालक श्री नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने 9 रोजगार सहायकों को दिया नोटिस




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत रीवा के 9 लापरवाह ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल जल संरक्षण के कार्य मे रूचि न दिखाने तथा 12 मई को आयोजित समीक्षा बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नोटिस दिया गया है। नोटिस का 16 मई तक संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक शुभम तिवारी ग्राम पंचायत जिउला, प्यारेलाल साकेत ग्राम पंचायत डिहिया नरसिंगपुर, श्रीमती अंजू सिंह ग्राम पंचायत पड़िया तथा श्रीमती वंदना शुक्ला ग्राम पंचायत नौवस्ता को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती श्रद्धा पाण्डेय ग्राम पंचायत शिवपुरवा 601, लोकनाथ यादव ग्राम पंचायत सुपिया, श्रीमती नीतू कुशवाहा ग्राम पंचायत करहिया नम्बर एक, रजनीश पाठक ग्राम पंचायत बम्हौरी तथा जितेन्द्र रावत ग्राम पंचायत पुरैनी को कारण बताओ नोटिस दिया है।

# कलेक्टर ने आपातकालीन व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**वर्तमान परिस्थितियों में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने राहत और बचाव कार्य के लिए अधिकारी तैनात किए हैं। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय प्लान बनाकर अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत जारी आदेश के अनुसार आयुक्त नगर निगम को सेवा क्षेत्र का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें वालेंटियर्स की नियुक्ति और प्रशिक्षण, अग्निशमन दल, शेल्टर होम, राहत शिविर तथा आमजनता को सूचना देने के लिए पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकालीन वायरलेस तथा मोबाइल संचार व्यवस्था एवं कम्युनिकेशन प्लान के लिए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला सेनानी होमगार्ड को राहत और बचाव के लिए आवश्यक उपकरण, सिविल डिफेंस प्लान तैयार करने तथा वालेंटियर्स के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। आपातकाल में उपचार व्यवस्थाओं एवं दवाओं की आपूर्ति के लिए डीन मेडिकल कालेज और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है।

कलेक्टर ने आपातकाल में परिवहन व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को जिम्मेदारी दी है। खाद्यान्न भण्डारण तथा आपूर्ति के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक वेयरहाउस एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा पेयजल की आपूर्ति की लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को जिम्मेदारी दी गई है। पशुओं के उपचार, मृत पशुओं के निस्तारण तथा गौशालाओं की निगरानी के लिए उप संचालक पशुपालन को प्रभारी बनाया गया है। जिला जनसम्पर्क अधिकारी को ब्लैक आउट प्रोटोकाल के अनुसार आमजनता को जागरूक करने, गलत और भ्रामक समाचारों का खण्डन करने तथा महत्वपूर्ण सूचनाओं और निर्देशों का प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग तथा सेतु निर्माण को जिले के सभी महत्वपूर्ण भवन, सड़क, बांध एवं ऐतिहासिक स्थलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रबंधक लोक सेवा एवं अधीक्षक भू अभिलेख को आपदा की स्थिति में सूचनाओं के समन्वय, राहत एवं बचाव दलों में समन्वय, बचाव दल के लिए आवश्यक संसाधनों में समन्वय तथा शासन को भेजी जाने वाली रिपोर्ट समय पर प्रेषित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

कलेक्टर ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी को नागरिक सुरक्षा वालेंटियर्स के रूप में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं अन्य विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराने तथा प्रशिक्षण में सहयोग की जिम्मेदारी दी है। महाप्रबंधक उद्योग को औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा के लिए उद्योगपतियों के साथ समन्वय एवं सहयोग की जिम्मेदारी दी गई है। जिला श्रम पदाधिकारी को आपदा के समय श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, प्रवासी मजदूरों की सूची तैयार करने तथा आपदा के समय औद्योगिक संस्थान संचालकों से समन्वय बनाकर मजदूरों को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# विचार

## गल्ती हो जाने पर क्षमा मांगना हर समस्या का तर्कसंगत समाधान है

हमसे वाकई कोई गल्ती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगना और करना हमारा बड़प्पन होगा और अपनी खामियों के बावजूद सम्मान, भरोसा हासिल होगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मर्यादा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनियाँ में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक क्षमां मांगना है बड़े बुजुर्गों का कहना है जो क्षमा करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहवैचारिक शक्ति है भारतीय सभ्यता की! साथियों बात अगर हम हमारे आज के विषय वस्तु क्षमा मांगने की करें तो, क्षमा करने के सुनहरे नियम के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है। साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है, वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है।

साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं।फिर हुए नुकसान याअसुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।

साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है।

# आखिर भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बावजूद भारत की जीत के कुछ शानदार मायने या-या निकलते हैं?

**भारत-पाकिस्तान के बीच अकस्मात भड़के युद्ध और उसके बाद भारत द्वारा अप्रत्याशित ढंग से पाकिस्तान की, की गई ठुकाई के बीच अमेरिकी दबाव या सद्भावना वश किए गए युद्ध विराम यानी सीजफायर के अपने-अपने मायने निकाले जा रहे हैं। इस बात को लेकर भले ही भारतीयों में नाराजगी है, लेकिन भारत सरकार के इस सूझबूझ भरे फैसले से दोतरफा बर्बादी का मंजर टल गया है। हालांकि मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले ही सीजफायर समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी और निकट भविष्य में इसके किसी भी स्वरूप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यदि कोई भारतीयों पर गोली दागेगा तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। यह आदेश भारत सरकार ने अपनी सेना और अर्द्धसैनिक बलों को दे दिया है।**




वहीं, इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि युद्ध विराम के समझौते तक भारत ने %ऑपरेशन सिंदूर% के जरिये काफी कुछ महत्वपूर्ण दृष्टिकोण हासिल किया, जो उसके भविष्य में काम आएगी। मेरा स्पष्ट विचार है कि आप चाहे मोदी प्रशासन और ट्रंफ प्रशासन के ऊपर जितने भी आरोप लगा लें, लेकिन इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि भारत की तरह ही अब अमेरिका भी युद्ध नहीं विकास पर फोकस करना चाहता है ताकि चीन की अंतरराष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं पर काबू किया जा सके। इन नजरिये से भारत उसका महत्वपूर्ण सहयोगी है। यही वजह है कि भारत के आक्रामक रवैये को देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत सरकार को आगाह किया कि यह दौर समझदारी से काम करने का है। क्योंकि से चीन तो भारत को भी रूस बनाना चाहता है और पाकिस्तान को यूक्रेन की तरह पिटवाना चाहता है। क्योंकि वह स्वयं तो युद्ध नहीं लड़ेगा लेकिन दोनों पड़ोसी देशों को आपस में उलझाकर रखेगा, ताकि भविष्य में ये उसे चुनौती देने लायक नहीं बचें। चूंकि डोनाल्ड ट्रम्प भारत को अपना भविष्य का सहयोगी मानता है और चीन के मजबूत विकल्प के रूप में देखता आया है, इसलिए ट्रम्प प्रशासन ने पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाकर इतना सक्रिय सहयोग किया।

इस बात में कोई दो राय नहीं कि कोई भी देश युद्ध में नहीं फंसना चाहता है, खासकर भारत भी नहीं, लेकिन हमारा दुष्ट पड़ोसी राष्ट्र पाकिस्तान दुनिया का एक मात्र देश है जहाँ सेना देश के लिए नहीं बनी है बल्कि देश सेना के लिए बना है, ताकि आतंकवाद के फैक्ट्री के रूप में पाकिस्तान का इस्तेमाल होता रहे। ऐसे में चीन निश्चित ही पाकिस्तान को अपने प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल करके भारत को लंबे युद्ध में धकेलने के प्रयास में बना हुआ था, जिसे अमेरिका ने विफल कर दिया।

ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि अमेरिका तो पाकिस्तान का पुराना सहयोगी है, जिसपर अब चीन अपना शिकंजा कसना चाहता है।

मैंने पूर्व में भी कई बार लिखा है कि पहलगाम सांप्रदायिक आतंकी हमला सिर्फ पाकिस्तान की अकेले की साज़िश नहीं है, बल्कि यह चीन ने पाकिस्तान से करवाया है टैरिफ़ वार के अमेरिकी प्रकोप से बचने के लिए, ताकि भारत, पाकिस्तान से युद्ध करे और वे अमेरिकी कंपनियां जिन्हें ट्रम्प सरकार चीन से भारत शिफ्ट कराना चाहते हैं, वह डर जायें और चीन में ही बनी रहें।

हालांकि, पाकिस्तान तब खुलकर नंगा हो गया जब पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने अपने एक साक्षात्कार में स्वीकार कर लिया कि पाकिस्तान यूरोप और अमेरिका के कहने पर आतंकवाद को समर्थन देता आया है। दरअसल, इसके पीछे पाकिस्तान की चाल यह थी कि वह किसी भी तरह से चीन से ध्यान डाइवर्ट करना चाहता था और उसने बढ़ते आतंकवाद के लिए यूरोप और अमेरिका को आगे कर दिया। जो एक हद तक सही भी है, लेकिन हाल के संदर्भ में यह नीति भारत को लेकर बदल गई महसूस होती है।

यही वजह है कि भारत में लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर हमें इस युद्ध से क्या मिला? जबकि इस्लामिक आतंकवादियों ने हिंदुओं का नाम पूछ-पूछ कर मारा, मोदी को संदेश पहुंचाने तक को कहा, लेकिन हमने क्या किया?

इसलिए अब यक्ष प्रश्न यह है कि पहले आप क्या कर रहे थे? शायद पहले हमलोग उन आतंकियों को खोजते थे जो घटना में शामिल होते थे और उनको न्यूट्रलाइज करते थे, पर फिर से आतंकियों की नई खेप तैयार हो जाती थी।

ऐसा इसलिए कि गरीब और मूर्ख मुसलमान बच्चा पैदा करने की फैक्ट्री हैं और आतंकियों के आका उनके बच्चों को बुलाकर मदरसे में दस साल तक ब्रेन वाश करके जितना आप मारते थे, उससे अधिक आतंकी खेप फिर से तैयार कर देते थे। लेकिन संभवतया अपने लोकतांत्रिक इतिहास में पहली बार भारत ने उन ठिकानों, उन लोगों और उन स्थानों को भी समाप्त किया है जहाँ से ये रक्तबीज राक्षस निकलते रहते हैं। पहली बार पीओके के अलावा पाकिस्तान के अंदर घुसकर ठुकाई की गई, जिससे पाकिस्तान दहशतजदा हो गया।

शायद पहली बार पाकिस्तान के घर में घुसकर वैसे ही उन निर्दोष बच्चों और उनके आकाओं का वध किया गया, जैसे उन्होंने कि अपने ब्रेन वाश से जांबाजी पूर्वक हमारे निर्दोष बहनों की माँग का सिंदूर उजाड़ दिया और उनके बच्चों को अनाथ किया। सवाल है कि आखिर कब आपने सुना था कि कोई दुनिया का दुर्दांत आतंकी कह रहा है कि अच्छा होता कि मैं मर जाता। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर की आक्रामकता के बाद पहली बार ये सुकूनदायक शब्द भारतीयों को सुनने को मिले, जो बहुत बड़ी बात है।

देखा जाए तो इस बार भारत ने पाकिस्तान सहित आतंकी दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि मैं अब आतंकवाद की नाभी पर हमला करूँगा और आतंकियों के बजाय आतंक की फैक्ट्री, उसके खानदान समेत उजाड़ी जाएगी। जबकि यह ठिकाने केवल पीओके के ठिकाने नहीं थे, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से दूर पाकिस्तान के सबसे सुरक्षित क्षेत्रों में बने हुए आतंकी ठिकाने थे। इसलिए पाकिस्तान, उसकी सरकार और सेना सब दहशत में आ गए।

यहां पर आपको यह समझना होगा कि चीन,भारत और पाकिस्तान के बीच लंबा युद्ध चाहता था, जबकि भारत कभी भी युद्ध नहीं चाहता था। लेकिन चीन की शह पर पाकिस्तान ने एक और युद्ध में जाने को भारत को मजबूर किया तो, भारत ने भी दस गुना ज्यादा और तगड़ा जवाब दिया। जो चीन और पाकिस्तान की कल्पना से परे था। यदि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच अचानक नहीं आया होता तो भारत का रौद्र रूप कुछ भी करवा सकता था।

यहां पर एक और बात गौर करनी होगी। भारत-पाक सीमित युद्ध 2025 से यह स्पष्ट हो चुका है कि अब तक जहाँ भारत को लग रहा था कि पूरा पाकिस्तान ही चीन की गोद में जा बैठा है, वहीं अब यह भी साफ हो चुका है कि पाकिस्तान को अमेरिका के उस प्रशासन के साथ भी बैठना होगा, जो प्रो इंडियन है और जिनके आने से भारत में फिर आंतरिक स्थिरता की बहाली सुनिश्चित हुई है।

वैसे तो चीन ने बीते दिनों तक यह खलनायकी प्रयास किया है कि पाकिस्तान किसी तरह से अमेरिका के दबाव से निकले और इस युद्ध को जारी रखे। लेकिन यह ट्रम्प प्रशासन की अपनी कुशल रणनीति थी कि उन्होंने पाकिस्तान को भारत की शर्त पर सीज़फायर के लिए मज़बूर किया। ऐसा इसलिए कि इस सीज़फायर में सिंधु नदी जल समझौता को बीच में नहीं लाया गया, टेररिज्म को एक्ट ऑफ़ वार से बाहर निकालने का दबाव नहीं बनाया गया और दोनों देशों के बीच किसी तीसरे देश की प्रत्यक्ष एंट्री नहीं कराई गई।

इसलिए युद्ध विवाद के निष्पादन में भारत अमेरिका सहयोग के अलावा कुछ अन्य बातें काफी मायने रखती हैं, जिन्हें हमें जानना-समझना चाहिए। वह यह कि भारत ने बदला तो उरी आतंकी हमला और पुलवामा आतंकी हमला का बदला भी सर्जिकल स्ट्राइक करके लिया था। लेकिन इस बार की सर्जिकल स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। इस दफे भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 100 आतंकवादी मारे गए और पाकिस्तान के लगभग 4 दर्जन से ज्यादा सैनिक भी हलाक हुए।

# बच्चों को खतरे में डालकर भी हमें डालर चाहिए

अपने देश में पिछले दिनों अवैध रूप से रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। इनमें ऐसे-ऐसे लोग भी पाए गए, जो यहां रहे, पढ़े-लिखे। सालों तक नौकरी भी करते रहे, लेकिन थे वे पाकिस्तानी नागरिक। एक ओर कहा जाता है कि भारत मुसलमानों के लिए सुरक्षित नहीं है, तो दूसरी तरफ ये लोग भारत से जाना ही नहीं चाहते थे। भारत में लगातार बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बहुत से घुसपैठिए भारत में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण, सारे वैध कागजात बनवा लेते हैं। सारी सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। जब भी इन्हें हटाने की बात होती है, तो तरह-तरह की अड़चनें डाल दी जाती हैं।

जहां से आए हैं, वे देश इन्हें लेने को तैयार भी नहीं होते। हों भी क्यों, इनके पास यहां के सारे वैध कागजात जो होते हैं। फिर मानव अधिकार वादी समूह भी सक्रिय हो जाते हैं। एक बार, एक बड़े अखबार ने लिखा था कि सीमाओं पर अवैध रूप से घुसना, एक मुर्गे या शराब की बोतल से भी संभव है। खैर, सच जो भी हो, अपने देश में यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है। लेकिन अवैध घुसपैठियों की समस्या सिर्फ भारत में ही नहीं है। यूरोप के बहुत से देश और अमरीका तथा अमरीका की राजनीति भी इससे बुरी तरह प्रभावित है। डोनाल्ड ट्रम्प की चुनावी मुहिम में अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के वायदे ने, उन्हें सत्ता सौंपने में प्रमुख भूमिका निभाई। दुनिया के बहुत से लोग अमरीका जाना चाहते हैं। कई साल पहले खबर थी कि दुनिया में 10 करोड़ लोग अमरीका जाना ही नहीं चाहते बल्कि वहां बसना भी चाहते हैं। इसके लिए कानून भी ताक पर रखना पड़े, तो चलेगा। भारत में भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है। उन्हें लगता है कि अगर किसी तरह एक बार अमरीका पहुंच जाएं, तो उनके जीवन की सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। डालर बरसने लगेंगे जबकि वास्तव में ऐसा है नहीं।



पिछले दिनों अमरीका से आई एक रिपोर्ट पढ़ रही थी। इसमें बताया गया था कि भारतीय माता-पिता अपने छोटे बच्चों और किशोरों को अमरीका-मैक्सिको बार्डर या अमरीका-कनाडा बार्डर पर अकेला छोड़ देते हैं। इनकी उम्र 6 साल से 17 साल की होती है। इनके पास जरूरत का कुछ सामान और एक पर्ची होती है। इसमें इनका नाम और माता-पिता का फोन नम्बर लिखा होता है। बच्चों को इस तरह की परिस्थिति में बिल्कुल अकेला छोड़ने का काम वे माता-पिता कर रहे हैं, जो खुद भी अमरीका में अवैध रूप से रह रहे हैं। उन्हें लगता है कि मानव अधिकार के कारण अमरीका में इन बच्चों को आने दिया जाएगा। उन्हें उनके माता-पिता के पास भेजा जाएगा। वहां के कानूनों के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त मिलेंगी। उन्हें 6-8 महीने में ही ग्रीन कार्ड मिल जाएगा और अंततः माता-पिता को ग्रीन कार्ड और नागरिकता भी मिल जाएगी। अमरीकी अधिकारियों का कहना है कि जो लोग इन बच्चों को सीमाओं पर अकेला छोड़ते हैं, वे इन्हें अपना ग्रीन कार्ड मानते हैं। वे नहीं जानते कि जब इन बच्चों को किसी अनजान जगह और कठिन मौसम में छोड़ा जाता है, तो वे कितने डर और असुरक्षा से गुजरते हैं।

यह लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना में चूंकि आना-जाना बंद हो गया था, तो इनकी संख्या घट गई थी। यू.एस. कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटैक्शन की रिपोर्ट में बताया गया था कि अक्तूबर 24 से इस साल के फरवरी माह तक ऐसे 77 बच्चे पाए गए थे। 2022 में 409, 2023 में 730 , 2024 में 517 भारतीय अकेले बच्चे अमरीकी सीमाओं पर मिले। यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। अमरीका में 2019 से अवैध रूप से रहने वाले एक दम्पति ने बताया कि वे अपने बच्चे को भारत में ही छोड़ आए थे। तब वह मात्र दो साल का था। ये लोग जब खुद ही अवैध थे, तो अपने बच्चे को कैसे बुलाते। फिर कोरोना में सब कुछ रुक गया था। इस दम्पति के पुरुष ने बताया कि 2022 में उसका चचेरा भाई भी अवैध रूप से अमरीका आ रहा था। अब तक बेटा 5 साल का हो चुका था। मैंने उससे कहा कि मेरे बेटे को भी साथ ले आए और अमरीका की सीमा पर बताए गए स्थान पर छोड़ दे। बच्चे के पास पिता का फोन नम्बर भी लिखकर रख दे। भाई ने ऐसा ही किया। अधिकारियों ने बच्चे के पिता को ढूंढ निकाला और बच्चा उन्हें मिल गया।

यह सब इसलिए हो रहा है कि अमरीका में उदारता है। वहां का लोकतंत्र और कानून बच्चों को अकेला छोडने और विपरीत परिस्थितियों में रहने की इजाजत नहीं देता। अमरीकी अधिकारियों का कहना है कि वहां की सरकार को माता-पिता द्वारा ही अपने बच्चों के इस तरह के शोषण के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। ट्रम्प के आने के बाद समझा जा रहा है कि अमरीका में अवैध प्रवासियों का आना और अपने बच्चों को इस तरह से अकेला छोड़ना, निश्चित रूप से कम हो जाएगा। क्या होता है, यह तो वक्त ही बताएगा। मगर अपने यहां अवैध रूप से रहने वालों और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई कब होगी।

### राज्य महिला आयोग द्वारा जिले में हुई 312वीं सुनवाई

# जिले की महिलाएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कर रही है प्रदेश के साथ देश का नाम रौशन

## अध्यक्ष ने सुनवाई कर 04 प्रकरणों को किया नस्तीबद्ध







**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने आज कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में जिला गठन के बाद जिला स्तर पर आज प्रथम सुनवाई एवं प्रदेश स्तर पर 312 वीं सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडीशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल उपस्थित रहें। सुनवाई के दौरान महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडिशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल द्वारा बुजुर्ग महिला एथलिट्स श्रीमती शकुन्तला सिंह उम्र 70 वर्ष, श्रीमती कमला देवी मंगतानी उम्र 67 वर्ष, श्रीमती संजीदा खातून उम्र 55 वर्ष एवं 12वीं की छात्रा कुमारी स्वाती मंगतानी को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी एथलिट्स इस उम्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों मैडल जीत कर प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन कर रहीं हैं। आज की सुनवाई के दौरान उभय पक्ष ने बताया कि उनके बीच 25 सितम्बर 2024 को सुलहनामा हो गया था, जानकारी के अभाव पर उन्होंने महिला आयोग को सूचना देने में असमर्थ थे आज सुनवाई के दौरान सुलहनामा का आवेदन प्रस्तुत करने पर आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसके पति द्वारा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है एवं भरण पोषण भी नहीं दिया जा रहा है। अनावेदक पहले चरचा कालरी में शासकीय नौकरी करता था। वह 2018 में रिटायर हुए, रिटायरमेंट के बाद उसे 40 लाख रुपये मिला था जिसमें से 18 लाख रुपये अपने नाती के नाम पर बैंक में जमा कर दिया है और अपनी पत्नी आवेदिका को घर से निकाल दिया है जो काफी बीमार है जिसे भरण-पोषण भी नहीं देता है 65 वर्षीय आवेदिका अपनी बेटी के घर पर असहाय अवस्था में रह रही है। आवेदिका की दो बेटियां उपस्थित है और दोनों में आवेदिका के पक्ष में बयान दिया है और यह बताया है कि उनका पिता अनावेदक लगातार डंडे से मारपीट करता है और भरण-पोषण भी नहीं देता है। अनावेदक के पास 15 लाख रू. बैंक में जमा है आयोग की समझाइश पर 05 लाख रू. अपनी पत्नी को देने के लिए तैयार है। आगामी 15 मई 2025 को 5 हजार व 15 दिनों के अंदर 5 लाख रू. अपनी पत्नी को देगा। इस प्रकरण में प्रोटेक्शन ऑफिसर वित्तबाला श्रीवास्तव को निगरानी के लिए नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा प्रतिमाह 01 वर्ष तक नियमित निगरानी किया जायेगा। अनावेदक द्वारा आवेदिका को प्रोटेक्शन अधिकारी के समक्ष पैसे दिया जायेगा। इस दौरान उभय पक्ष की स्टाम्प में लिखा पढ़ी किया जायेगा। भविष्य में अनावेदक के आचरणों में सुधार की स्थिति में आवेदिका साथ में रह सकती हैं अगर अनावेदक भविष्य में दोबारा मारपीट करता है या अपनी पत्नी को भरण-पोषण देने से इंकार करता है तो आवेदिका ऐसी दशा में इस आर्डर शीट कें आधार पर कुर्रता एवं प्रताड़ना की रिपोर्ट थाना चरचा में दर्ज करा सकती है। प्रोटेक्शन ऑफीसर के रिपोर्ट प्राप्त होने के 01 वर्ष बाद प्रकरण नस्तीबद्व किया जावेगा।

अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक के उपर छेड़छाड़ का शिकायत आवेदन की थी आवेदिका के पिता स्व. रमेश कुमार की 2021 में मृत्यु हुई थी तब से पैतृक संपत्ति और पारिवारिक संपत्ति का कोई हक आवेदिका को नहीं मिला था और अनावेदक आवेदिका के पिता का ऋण-पुस्तिका अपने पास जबरदस्ती अपने पास रखा हुआ था। आज आयोग के समक्ष सुनवाई में अनावेदक ने आवेदिका के पिता स्व. रमेश कुमार के नाम पर 2.25 एकड जमीन कुल 06 खसरा नंबर में होने की जानकारी के साथ ऋुण पुस्तिका क्रमांक 0052343 को आवेदिका को दिया जिसके दस्तावेज की छायाप्रति अभिलेख में संलग्न किया जा गया और मूल ऋण-पुस्तिका आवेदिका को प्रदान किया गया। आयोग द्वारा कुवांरपुर उप तहसील के प्रभारी तहसीलदार महेन्द्र साहू से टेलीफोनिक चर्चा कर आवेदिका की मदद करने के लिए कहा गया, जहां आवेदिका फौती चढ़ाने का आवेदन प्रस्तुत कर सकेगी। इस कार्य के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल की निगरानी में श्रीमती तारा कुशवाहा जिला मिशन समन्वयक मदद करेंगी, तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी की निगरानी में आवेदिका के पक्ष में फौती नामांतरण होने के बाद प्रकरण नस्तीबद्व किया जावेगा। क्योंकि इस बात की अतिरिक्त संभावना दिख रही है कि अनावेदक के द्वारा वास्तव में यह जमीन आवेदिका के पिता के नाम पर आज भी है या नहीं। यदि अनावेदक के द्वारा कही गई बात में से कोई बात झूठी साबित होती है तो अनावेदक के खिलाफ आवेदिका तत्काल एफआईआर दर्ज करा सकती है। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा उसके बहन और उसके बच्चें के हत्या का आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें आज अनावेदक जो कि शासकीय शिक्षक है और विशेष ड्यूटी लगने की वजह से सुनवाई में अनुपस्थित है इस प्रकरण को दोबारा 14 मई 2025 को सरगुजा जिला के जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुना जायेगा। जिसकी सूचना अनावेदक को दूरभाष के माध्यम से दिया गया एवं आयोग द्वारा आर्डर शीट की कॉपी पुलिस अधीक्षक सरगुजा को भेजा जाएगा ताकि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एक एसआई के माध्यम से अनावेदकगणों को सुनवाई में जिला पंचायत सभाकक्ष अंबिकापुर में उपस्थित किया जा सकेगा। अन्य प्रकरण में आवेदकगण उपस्थित एवं अनावेदकगण अनुपस्थित रहे। अनावेदक द्वारा चेक राशि डिसऑनर होने के बाद आवेदिकागणों द्वारा धोखाधड़ी का शिकायत आवेदन दिया गया। आवेदकगणों ने बताया कि आयोग के निर्देश के बाद अनावेदक चंदन गिरहा के खिलाफ एफआईआर 213/ 26 जुलाई 2024 को दर्ज हो गया है जिससे अब इस प्रकरण की कार्यवाही माननीय न्यायालय में सुनिश्चित हो चुका है। एफआईआर की कॉपी अभिलेख में लगाकर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

# रेलवे महिला अफसर सुसाइड केस में पति गिरफ्तार



## अवैध संबंध, मारपीट से परेशान थी; परिजन बोले- पैसों की लालच में बेटी से लव मैरिज की

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की रेलवे महिला अफसर सुसाइड केस में पुलिस ने उसके पति को पकड़ा है। जांच में पता चला है कि ओब्रे हेल (40 साल) के दूसरी महिला से अवैध संबंध और मारपीट से तंग आकर विनीता साहनी (37 साल) ने आत्महत्या की थी।

मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। विनिता साहनी नेशनल बास्केट बॉल प्लेयर और रेलवे की कॉमर्शियल इंस्पेक्टर थी। ओब्रे के साथ उन्होंने लव मैरिज की थी। दोनों रेलवे परिक्षेत्र के एनई कॉलोनी में रहते थे। उसने 6 अप्रैल 2024 को फांसी लगा ली।

बेटी के सुसाइड के बाद परिजनों ने आरोप लगाया था कि ओब्रे ने पैसे देखकर उसकी बेटी से शादी की थी। हालांकि उसके दूसरी महिला से संबंध की भी बात सामने आई। परिजनों के बयान और मोबाइल पर मिले सबूत के आधार पर घटना के एक साल बाद आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इस घटना के बाद से ही परिजनों ने उसकी मौत पर सवाल उठाए थे। उनकी बड़ी बहन रिंकी ने कहा था कि विनीता बेहद स्ट्रॉन्ग थी, सुसाइड नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि घटना के एक दिन पहले वीडियो कॉलिंग से उनकी बात भी हुई थी, तब वो एकदम खुश थी।

दूसरे दिन ऐसा क्या हो गया, जिसके कारण उसे सुसाइड करना पड़ा। रिंकी का कहना है कि विनीता ने सुसाइड नहीं किया है। वो घरेलू हिंसा की शिकार हुई। मारपीट कर गला दबाकर उसकी हत्या की गई, फिर फंदे पर लटका दिया। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से करते हुए न्याय की मांग की थी।

मामले की जांच में पता चला कि विनीता ने सिरगिट्?टी थाना क्षेत्र के ओब्रे हेल (40) के साथ प्रेम विवाह किया था। पति आब्रे हेल ने मामले को डायवर्ट करने के लिए शुरूआती जांच में डिपार्टमेंट के सीनियर अफसरों पर प्रताड़ना के आरोप का आरोप लगाया।

लेकिन, जब विनीता के परिजन दिल्ली से बिलासपुर आए तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। उनका कहना था कि ऑफिशियल दिक्कत होती तो वो जरूर बताती।

विनीता के पिता और परिजनों ने पुलिस को बताया था कि ओब्रे हेल ने पैसों की लालच में उसे प्रेमजाल में फंसाया था। जिसके बाद उससे शादी कर ली। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पति का दूसरी महिलाओं से संबंध होने की बात को लेकर विनीता से अक्सर विवाद होता रहता था।

ओब्रे उसके साथ मारपीट भी करता था। ओब्रे बेरोजगार था। विनीता के कहने पर परिजनों ने उसे जिम खोलकर दिया। नुकसान होने पर दूसरे व्यवसाय के लिए भी पैसे दिए। लेकिन उसे भी उसने अय्याशी में खर्च कर दिया। इन आरोपों के बाद भी पुलिस एक साल तक इस गंभीर मामले को दबाए बैठी रही।

इधर, पुलिस ने जब विनीता साहनी के मोबाइल की जांच कराई तो उसमें ओब्रे हेल द्वारा विनीता से मारपीट के साक्ष्य मिले। सिटी कोतवाली सीएसपी व आईपीएस अक्षय साबद्रा ने कहा कि परिजनों के बयान और मामले की जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पति ओब्रे हेल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

# रायपुर में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश, कोरबा में बिजली गिरने से 3 बच्चे चपेट में आए



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ फिर से मौसम का मिजाज बदला है। रायपुर में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ दोपहर में बारिश हुई। इधर कोरबा जिले के कुरुडीह गांव में सोमवार की शाम बिजली गिरने से 3 बच्चे चपेट में आ गए।

तीनों गांव के ही तालाब के पास मौजूद थे। मनीष कश्यप (14 साल) और लोकेश कुमार (13 साल) गंभीर रूप से झुलस गए हैं। दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं एक को थोड़ी देर बाद होश आ गया।

सूचना मिलते ही 112 की मदद से घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। बता दें कि मौसम विभाग ने रायपुर-दुर्ग, बिलासपुर समेत 31 जिलों में 3 दिन आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

रायपुर में सुबह से बादल छाए हैं। दोपहर के बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में 40-60 किमी की रफ्तार से हवा चल सकती है। कहीं-कहीं बिजली गिरने की भी आशंका है। 15 मई तक ऐसी ही स्थिति रहेगी। उसके बाद तापमान 2-3 डिग्री तक बढ़ेगा। 42 डिग्री के साथ सोमवार को दुर्ग सबसे गर्म रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के साथ दक्षिण-पश्चिम उत्तरप्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। बारिश के इन दोनों स्ट्रॉन्ग सिस्टम के एक्टिव होने से छत्तीसगढ़ में आंधी-बारिश की स्थिति बन रही है।

12 मई को दुर्ग में टेम्प्रेचर 42.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में दिन का सबसे गर्म स्थान रहा। बिलासपुर में 41.6डिग्री, बलौदाबाजार में 40.1डिग्री, और रायपुर में 41.3डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक था। कोरबा, रायगढ़, दंतेवाड़ा और कोरिया समेत कुछ जिलों में तापमान में हल्की गिरावट देखी गई, लेकिन सरगुजा और सूरजपुर में तापमान में 1.5एष्ट ज्यादा रहा।

# देवगढ़ में सुशासन तिहार के तहत विशेष शिविर सम्पन्न, 1672 में से 1486 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवगढ़ में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण में आज एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देवगढ़ मे आयोजित किया गया, शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण सम्मान, सौहार्द्र और सहभागिता की भावना से अभिभूत रहा। इस विशेष शिविर में जनुवां, बेलगांव, चरखर, सिंगरौली, डोम्हारा, देवगढ़, लरकोड़ा एवं डोगरीटोला ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में तीसरा चरण संचालित हो रहा है। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किन विभागों ने अब तक कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन प्रक्रियाधीन हैं तथा कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इनमें से 1486 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 186 आवेदन लंबित रह गए हैं, जिनके शीघ्र निराकरण का भरोसा संबंधित अधिकारियों द्वारा दिलाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1171 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1167 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 4 आवेदन लंबित हैं। पशुधन विकास विभाग के सभी 32 आवेदनों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग (देवगढ़ क्लस्टर) को 83 आवेदन मिले, जिनमें से 76 का समाधान किया गया और 7 लंबित हैं। आदिम जाति विकास विभाग को 15 आवेदन प्राप्त हुए, परंतु केवल 2 का ही निराकरण हो सका, शेष 13 आवेदन लंबित हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 74 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से केवल 17 का निराकरण हो पाया, जबकि 57 आवेदन लंबित हैं। कृषि विभाग को 27 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 का निराकरण किया गया, जबकि 11 अभी भी लंबित हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 136 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 70 का निराकरण किया गया और 66 आवेदन शेष हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 30 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका सभी का निराकरण कर दिया गया। शिक्षा विभाग को 13 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 11 का निराकरण किया गया तथा 2 लंबित हैं। ऊर्जा विभाग को 57 आवेदन मिले, जिनमें से 34 का निराकरण हुआ और 23 अभी भी लंबित हैं। अधिकारियों ने बताया कि लंबित आवेदनों का निराकरण शीघ्र किया जाएगा।शिविर के दौरान नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही समस्याओं का निराकरण करते हुए कार्य की पारदर्शिता और जवाबदेही का परिचय दिया। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और आम जनता की सक्रिय भागीदारी ने शिविर को सफल और प्रभावी बना दिया। वही शिविर में जनपद पंचायत द्वारा रिंकी बैगा, सुलोचना बैगा, फूलबाई बैगा, गनेशिया और रंजना बैगा को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनिता चौधरी, सुखमंती सिंह, जनपद पंचायत सदस्य लाल साय बैगा, सुखलाल सिंह मरावी, कैलाश सिंह, धर्मपाल मरावी, भारती बसोर, आम आदमी पार्टी अध्यक्ष रमा शंकर मिश्रा, सरपंच शांति बैगा, स्नेह लता सिंह, सुमित्रा सिंह, केशकली, नागेंद्र सिंह तथा गौतम सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी प्रितेश राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ अजय सिंह राठौर, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# उचित मूल्य दुकान नगर निगम चिरमिरी के 8 वार्डो में संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान नगर पालिका निगम चिरमिरी के अंतर्गत आने वाले आठ वार्डो में अब्दुल हमीद वार्ड क्र.-02, संत रामकृष्ण वार्ड क्र.-15, संत कबीरदास वार्ड क्र.-18, विवेकानंद वार्ड क्र.-24 , राजीव गांधी वार्ड क्र.-36, सरोजिनी नायडू वार्ड क्र.-38 ,भगत सिंह वार्ड क्र.-40, मौलाना आजाद वार्ड क्र.-04 नवीन उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस हेतु आदिम जाति सहकारी समिति, बहुउद्देशीय सहकारी समिति महिला स्वयं सहायता समूह, वन सुरक्षा समिति एवं अन्य समितियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर नियमानुसार आबंटन की कार्यवाही किया जाना है। अतः उपरोक्त संबंधितों से 14 मई 2025 से 28 मई 2025 कार्यालयीन समय तक पंजीयन प्रमाण पत्र, पासबुक की छायाप्रति एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए स्वरोजगार योजना, बैंक ऋण से जुड़ेंगे 73 हितग्राही

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने एक और अहम पहल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत कुल 73 इकाइयों को बैंक ऋण से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। इनमें 50 इकाइयां अनुसूचित जाति तथा 23 इकाइयाँ अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों के लिए निर्धारित की गई हैं। समिति ने जानकारी दी कि पात्र हितग्राहियों से ऋण प्रकरण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह योजना भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत पात्रता के लिए आवेदक की वार्षिक आय अधिकतम ?1,50,000/- निर्धारित की गई है। आवेदन केवल कार्यालयीन कार्य दिवसों में ही स्वीकार किए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के विविध क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जैसे स्वयं सहायता समूह, लघु एवं कुटीर उद्योग, कपड़ा एवं सिलाई-कढ़ाई कार्य, दुकान संचालन, पशुपालन, टेंट हाउस, कम्प्यूटर सेंटर, मोबाइल रिपेयरिंग और रेस्टोरेंट संचालन इत्यादि। जिला प्रशासन ने इस योजना में महिला सशक्तिकरण को भी प्रमुखता दी है। कुल लक्ष्यों में से 33 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं के लिए आरक्षित की गई है। इसके अतिरिक्त, 10 प्रतिशत लक्ष्य लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा 10 प्रतिशत लक्ष्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाएगा। अंत्यावसायी समिति ने स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ता का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, साथ ही उसे अपने प्रस्तावित व्यवसाय की स्पष्ट योजना भी प्रस्तुत करनी होगी। समिति ने इच्छुक पात्र व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करें ताकि वे इस योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकें।

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर के 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी मारे गए। शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई। इसे ऑपरेशन केलर नाम दिया गया था। शुकरू के जंगली इलाकों में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। महाराष्ट्र साइबर सेल ने बताया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी और बांग्लादेशी हैकरों ने भारत में 15 लाख साइबर अटैक किए। इनमें से सिर्फ 150 ही कामयाब रहे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने एयरबेस पर जवानों से मुलाकात की। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस को निशाना बनाया है। जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में सोमवार रात ड्रोन दिखे थे। कुछ देर बाद सेना ने कहा कि दुश्मन के किसी ड्रोन की सूचना नहीं है। आज सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के बाद पाकिस्तानी गोलाबारी में आर्मी के 6 और ब्क्स्न के 2 जवान शहीद हो चुके हैं, 59 घायल हैं। इसके अलावा 28 सिविलियंस की भी जान गई है।

## ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद आज मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12~49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था। दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट शामिल है। कल देर रात राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन दिखने के बाद इंडिगो ने भी 6 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़, लेह, श्रीनगर और राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं। भारत-पाक सीजफायर के बाद सोमवार को 32 एयरपोर्ट्स खोल दिए गए थे। हालांकि, अभी तक सभी एयरपोर्ट्स के फ्लाइट ऑपरेशन पूरी तरह से शुरू नहीं हुए हैं।

## बठिंडा में पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

पंजाब (एजेंसी)। पंजाब के बठिंडा आर्मी कैंट से पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रकीब नाम का यह व्यक्ति उत्तराखंड के रुड़की का रहने वाला है। आर्मी कैंट के अंदर वह कपड़े सिलने का काम करता है। आर्मी कैंट के अधिकारियों को रकीब की गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत बठिंडा पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर एयरपोर्ट से कल से फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। कल से ही यहां स्कूल भी खुल जाएंगे लेकिन उनकी टाइमिंग बदली गई है।

# मोदी बोले-हर आतंकी हमले का जवाब अपनी शर्तों पर देंगे

जालंधर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। इसके बाद जवानों को 28 मिनट संबोधित भी किया। मोदी ने कहा, भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा- विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।



पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपने तरीके से होगा। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास, आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता है।

आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है, लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं।

कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है।

## ओवैसी बोले- क्या शरीफ-मुनीर लीज वाला फाइटर प्लेन उतार पाएंगे

हैदराबाद (एजेंसी)। भारत ने पाकिस्तान के रहीम यार खान एयरबेस पर एयर स्ट्राइक की, जिसके बाद एयरबेस के रनवे पर एक बड़ा गड्ढा बन गया। अब इसी एयरबेस को लेकर चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर पर तंज कसा है। ओवैसी ने कहा- क्या शरीफ और मुनीर अपना चीन से लीज पर लिया गया फाइटर प्लेन रहीम यार खान एयरबेस पर उतार पाएंगे?

नेटिजन्स बोले- ओवैसी को बंगाल का ष्टरूबना दो ओवैसी की पोस्ट पर सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई। किसी ने कहा- 'इफ्तार पार्टी मेरी तरफ से', तो किसी ने लिखा- 'ओवैसी साब, एक ही दिल है, कितनी बार



जीतोगे'। एक यूजर ने लिखा- 'ओवैसी को बंगाल का मुख्यमंत्री बना दो'

रहीम यार खान एयरबेस पर क्या हुआ? एयर मार्शल एके भारती ने 12 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारतीय वायुसेना ने रहीम यार खान एयरबेस पर रनवे के बीचों-बीच सटीक वार किया, जिससे रनवे पर गड्ढा बन गया।

## एयरस्ट्राइक पर एयर मार्शल बोले- हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी। एयर मार्शल भारती ने कहा, भय बिनु होय ना प्रीति। हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया, तो हमने उसका जवाब दिया। अपनी सेना के नुकसान के लिए वह खुद जिम्मेदार है।% भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे संघर्ष विराम हुआ था।

कल हमने %ऑपरेशन सिंदूर% की जॉइंट ऑपरेशन की डिटेल ब्रीफिंग दी थी। हमने कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान सेना ने दखलंदाजी की, हमने उसका जवाब दिया।

हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ थी, 7 मई को हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया और हमें जवाब देना पड़ा। उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है।

पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट थे, ह्वड्ड1 थे, चीनी ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और ड्रोन थे। इन्हें हमारे एयरडिफेंस सिस्टम ने मार गिराया।

## विदेश मंत्रालय बोला-जम्मू-कश्मीर पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पोक खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे। विदेश मंत्रालय ने भारत-पाक के बीच सीजफायर की घोषणा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता और सीजफायर का क्रेडिट लेने के दावों को भी नकार दिया।

1. कश्मीर पर मध्यस्थता

विदेश मंत्रालय- जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे।




इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर बात होगी।

## गहलोत बोले- ट्रंप ने सीजफायर-कश्मीर की ठेकेदारी कैसे ली?

**दिल्ली/ जयपुर (एजेंसी)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पाकिस्तान के साथ सीजफायर से पहले अमेरिकी हस्तक्षेप को लेकर केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाए हैं। अशोक गहलोत दिल्ली में एआईसीसी ऑफिस में मीडिया से बात कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- अचानक सीजफायर करके सरकार मोरल अथॉरिटी खो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैसे सीजफायर की घोषणा की, सरकार की सलाह से या खुद



की, इस पर जवाब देना चाहिए।

ट्रंप ने कौनसी ठेकेदारी ले रखी है? वह खुद ही ठेकेदार बन गए या हमारी सरकार की चुप्पी उनके हौसले बढ़ाती है। ट्रंप किस आधार पर कह रहे हैं कि रात भर हमारे लोगों ने मेहनत की है। इस मेहनत में कौन-कौन भागीदार थे, यह बात देश के सामने स्पष्ट होनी चाहिए।

ट्रंप कहते हैं, कश्मीर मसले का निर्णय मैं कर सकता हूं। जबकि 1971 के युद्ध के बाद इंदिरा गांधी और जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच लिखित शिमला समझौता हुआ था कि यूएन तक पंचायती नहीं करेगा। कश्मीर को लेकर केवल भारत और पाकिस्तान के बीच ही बातचीत होगी।

## पिता ने 3 बेटियों को जहर खिलाकर खुद खाया, मौत

दमोह (एजेंसी)। दमोह में एक पिता ने अपनी 3 बेटियों को जहर खिलाकर खुद भी खा लिया। घटना में चारों की मौत हो गई। वह सुबह बेटियों को बाजार में समोसा खिलाने का कहकर ले गया था। पड़ोस के एक युवक ने उन्हें तालाब किनारे तड़पते देखा तो उनके घरवालों को सूचना दी।

परिजन वहां पहुंचे तो चारों बेहोश मिले। गंभीर हालत में उन्हें हटा अस्पताल ले जाया गया। यहां पिता विनोद, बेटी महक (डेढ़ साल) और खुशी (5) की मौत हो गई। बड़ी बेटी खुशबू (7) को गंभीर



खुशी, मृतक | खुशबू, मृतक | महक, मृतक

हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसने भी दम तोड़ दिया। घटना हटा ब्लॉक के मुहरई गांव में मंगलवार सुबह की है।

## मानसून की दस्तक, निकोबार द्वीपसमूह पहुंचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग के मुताबिक, साउथ-वेस्टर्न मानसून मंगलवार को निकोबार द्वीपसमूह, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, दक्षिण अंडमान सागर और उत्तर अंडमान सागर के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 10 मई को बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। मौसम विभाग ने आज हरियाणा, छत्तीसगढ़ समेत 23 राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। असम, अरुणाचल सहित 8 राज्यों के कई जिलों में तेज बारिश का अनुमान है।राजस्थान के 21 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में सोमवार शाम अचानक मौसम बदल गया। जयपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश शुरू हुई। सीकर और अजमेर में ओले भी गिरे।मध्यप्रदेश में 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। हालांकि, कुछ जिलों में तेज गर्मी रही। खजुराहो में तापमान तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पहली बार 33 हफ्ते की प्रेग्नेंट को अबॉर्शन की इजाजत

राजकोट (एजेंसी)। गुजरात के राजकोट में 13 वर्षीय लड़की 33 सप्ताह की गर्भवती है। खेलने-कूदने की उम्र की एक बच्ची को अस्पतालों, पुलिस थानों और अदालतों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। बच्ची के परिवार ने गर्भपात के लिए गुजरात हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी।

कोर्ट ने सोमवार को गर्भपात की मंजूरी दी है। कोर्ट ने चीफ मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में नाबालिग का गर्भपात कराने का निर्देश दिया है। यह देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने गर्भावस्था के सबसे ज्यादा हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी है। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी थी।

बच्ची की मां ने की थी दूसरी शादी महाराष्ट्र की एक महिला का 2022 में तलाक हो गया था। महिला के दो बच्चे भी थे।

## पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 21 की मौत

अमृतसर (एजेंसी)। अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में गंभीर मरीजों को लगाया गया है। अस्पताल में मरीज को लेकर दौड़ते परिजन। वहीं, पीड़ितों का हाल जानने पहुंचे ष्टरू भगवंत मान। पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से मरने वाले लोगों की संख्या 21 हो गई है। जबकि, 9 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। इनका अमृतसर के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीमारों में 4 की हालत इतनी गंभीर है कि वे बोलने की स्थिति में भी नहीं हैं। मृतकों में भंगाली कलां, मराडी कलां, पातालपुरी, थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। पुलिस ने जहरीली शराब बेचने के आरोप में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि जहरीली शराब कहां से और कैसे आई? इसके अलावा मजीठा थाने के एसएचओ अवतार सिंह और डीएसपी अमोलक सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, दोपहर को सीएम मान भी मजीठा पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की।

यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण मामले में ष्टरू भगवंत मान ने कहा है कि यह दुखदायी और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जहरीली शराब पीने से अब तक 21 के करीब लोगों की मौत हुई है।

## पाक हमले में बिहार का एक और जवान शहीद, 5 महीने पहले हुई थी रामबाबू प्रसाद की शादी,

सीवान (एजेंसी)। पाकिस्तान के हमले में बिहार का एक और जवान शहीद हो गया है। 12 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन अटैक किया था, इसके सीवान के आर्मी जवान रामबाबू प्रसाद (28) घायल हो गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हमले से पहले उन्होंने पत्नी से फोन पर बात की थी। वे जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर तैनात थे। शहादत की खबर गांव



पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया है। उनके परिजन पार्थिव शरीर को लेने के लिए जम्मू कश्मीर के लिए निकल गए हैं। शहीद का पार्थिव शरीर बुधवार को गांव लाया जाएगा।

रामबाबू प्रसाद गौतम बुद्ध नगर थाना क्षेत्र के वसिलपुर गांव के रहने वाले थे। उनके पिता बड़हरिया प्रखण्ड के हरिहरपुर पंचायत के पूर्व उप मुखिया स्वर्गीय रामविचार सिंह रहे हैं। 24 दिसबंर 2024 को उनकी शादी हुई थी। जवान की पत्नी अभी प्रेग्नेंट है।

## बठिंडा में सेना ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

**बठिंडा (एजेंसी)।** पंजाब के बठिंडा में पुलिस ने मंगलवार को आर्मी कैंट में काम करने वाले एक और संदिग्ध जासूस को गिरफ्तार किया। पकड़े गए शख्स का नाम रकीब है और वह उत्तराखंड में रुड़की का रहने वाला है। रकीब आर्मी कैंट में दर्जी का काम करता था।

बठिंडा आर्मी कैंट के अधिकारियों को रकीब की गतिविधियों पर शक हुआ तो उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रकीब को अरेस्ट कर लिया। बठिंडा कैंट थाने में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने रकीब का फोन जब्त कर फॉरेंसिक लैब भेज दिया। पुलिस को उम्मीद है कि उसने फोन से कुछ अहम जानकारियां मिल सकती है।

एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने कहा कि रकीब दो साल से बठिंडा कैंट में दर्जी का काम कर रहा था। वह कैंट में ही अपनी दुकान पर रहता और वहीं सोता था। हमें आर्मी कैंट से शिकायत मिली थी कि उसकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। हमने तुरंत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

उसका मोबाइल जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि आरोपी ने मोबाइल के जरिए क्या-क्या जानकारियां साझा की है।

**महीनेभर में दूसरा मामला:** बठिंडा कैंट में महीनेभर के अंदर जासूसी का यह दूसरा मामला है। इससे पहले पुलिस ने एक मोची को गिरफ्तार किया था, जो कैंट में मोची का काम करता था और उस पर भी पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप था।

पुलिस और आर्मी कैंट की सतर्कता से एक और संदिग्ध जासूस को पकड़ लिया गया है। मामले की जांच जारी है और फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं का रेप, 9 दोषियों को आजीवन कारावास

कोयंबटूरू (एजेंसी)। तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीड़न मामले में कोयंबटूर महिला अदालत ने मंगलवार को 9 लोगों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आज सुबह ही सभी को दोषी ठहराया था। जज आर नंदिनी देवी ने इन्हें गैंगरेप और बार-बार रेप का दोषी पाया। कोर्ट ने पीड़ित महिलाओं को कुल 85 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 9 दोषियों ने 2016 से 2018 के दौरान कई महिलाओं का यौन शोषण किया था। पीड़ितों में कॉलेज की छात्राएं और शादीशुदा महिलाएं थीं। दोषियों ने यौन शोषण के वीडियो बनाए थे। उसके जरिए ब्लैकमेल करके महिलाओं के साथ कई बार रेप किया और पैसे भी मांगे। आरोपियों पर 50 से ज्यादा महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का शक था, लेकिन उनमें से केवल 8 ने ही उनके खिलाफ गवाही दी थी। दोषियों में सबरीराजन उर्फ रिशवंत (32 साल),



थिरुनावुकारसु (34 साल), टी वसंत कुमार (30 साल), एम सतीश (33 साल, आर मणि उर्फ ??मणिवन्नन, पी बाबू (33 साल), हारोन पॉल (32 साल), अरुलानंथम (39 साल) और अरुण कुमार (33 साल) हैं। चलती कार में छात्रा से रेप के बाद मामला सामने आया मामला 24 फरवरी, 2019 को पहली बार तब सामने आया जब 19 साल की एक छात्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

उसने आरोप लगाया कि 12 फरवरी को पोल्लाची के पास चलती कार में चार लोगों ने उसका रेप किया।

उन्होंने इसका वीडियो बनाया, उसकी सोने की चेन लूट ली और उसे सुनसान जगह पर छोड़ दिया। लड़की ने अपने परिवार को तब बताया जब आरोपियों ने वीडियो लीक करने की धमकी देकर उससे यौन संबंध बनाने की मांग की। छात्रा दोषियों के खिलाफ बोलने वाली पहली पीड़ित थी।

छात्रा की शिकायत के बाद 2019 में सभी युवकों को गिरफ्तार किया गया था। तब से सभी सलेम सेंट्रल जेल में बंद है। युवकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, यौन उत्पीड़न, रेप, गैंगरेप और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया था।

# 17 मई से आईपीएल 2025 का फिर से आगाज, जून में होगा फाइनल मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र 17 मई से 6 जगहों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया है। जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल कोरोक दिया गया था जब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घसपैठ की कोशिश की थी। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि, बीसीसीआई को आईपीएल 2025 फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बोर्ड ने बचे सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। लीग के फिर से शुरू होने पर पहला मैच 17 मई को बेंगलुरू में आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए 6 स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई होंगे। प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। 6 स्थानों पर कुल 17 मैच खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम में दो डबल हेडर शामिल हैं जो दो रविवार को खेले जाएंगे।



## इटली में खेला जाएगा होपमैन कप-आईटीए

नई दिल्ली (एजेंसी)। होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा।

मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

## दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है।

पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है।

## नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीरज चोपड़ा 16 मई को प्रतिष्ठित डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में तीन अन्य हमवतन खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेंगे। वहीं ये किसी डायमंड लीग प्रतियोगिता में भारत के सबसे अधिक प्रतिभागी हैं। ये डायमंड लीग में भारत के सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली हैं।

2023 में इस प्रतियोगिता में 88.67 मीटर के साथ खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा 2024 में 88.26 मीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। अब वह पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ हिस्सा लेने जा रहे हैं। किशोर जेना ने 2024 में भी भाग लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ नौवां स्थान हासिल किया था।




पुरुषों की जेवलिन थ्रो स्पर्धा में दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जैकब वडलेज, जर्मनी के जूनियन वेबर और मैक्स डेहिंग, केन्या के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक डीन जैसे सितारे शामिल होंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य दो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह हैं जो पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में डाइमंड लीग में पदार्पण कर रहे हैं। पारुल चौधरी महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में भाग ले रही हैं। इस स्पर्धा में वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं।

## आईपीएल 2025 पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिया बयान, खिलाड़ियों के भारत लौटने के फैसले पर कही ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। 17 मई को आईपीएल अपनी वापसी के लिए तैयार है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण 9 मई को टूर्नामेंट को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। अब दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते के बाद, दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 लीग फिर से शुरू होने जा रही है। इस बीच, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने खिलाड़ियों को भारत लौटने या न लौटने के फैसले में पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है।

पिछले हफ्ते के अंत में भारत-पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के कारण कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और स्टाफ भारत से स्वदेश लौट आए थे। अब, आईपीएल के फिर से शुरू होने के साथ, उनके सामने एक कठिन विकल्प है कि क्या वे लीग के अंतिम चरण के लिए भारत वापस जाएं या राष्ट्रीय जिम्मेदारियों पर ध्यान दें? क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले में अपने खिलाड़ियों को पूरी छूट दी है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा कि हम अपने खिलाड़ियों के निजी फैसलों का पूरा समर्थन करेंगे, चाहे वे आईपीएल के लिए भारत वापस जाएं या नहीं। जो खिलाड़ी बचे हुए आईपीएल मैच खेलना चाहेंगे, उनकी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों को ध्यान में रखकर टीम प्रबंधन योजना बनाएगा। फिलहाल बता दें कि, आईपीएल का फाइनल मुकाबला 3 जून को होगा जबकि इसके ठीक आट दिन बाद यानी 11 जून से लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शुरू होगा। इस बड़े मुकाबले को देखते हुए, खिलाड़ियों की फिटनेस और मानसिक तैयार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। रोहित अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी। जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा। सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा. सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 23 अगस्त को चटगांव में खेला जाएगा।

इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी पर इसमें रोहित टीम के साथ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था।

## विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा संग संत प्रेमानंद के आश्रम पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। जिसके बाद दुनियाभर के उनके फैंस हैरान रह गए। इसके अलगे ही दिन यानी मंगलवार को वह वृंदावन के संत प्रेमानंद का आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा भी है। इस दौरान ये कपल वृंदावन के श्री हित राधा केली कुंज आश्रम में साढ़े तीन घंटे से भी ज्यादा समय तक रहे। उन्होंने संत प्रेमानंद से आध्यात्मिक चर्चा की। बता दें कि, ये पहली बार नहीं है जब विराट-अनुष्का संत प्रेमानंद से मिले हों इससे पहले भी वो उनसे मिलते रहे हैं। सबसे पहले कोहली और अनुष्का 4 जनवरी 2023 को संत प्रेमानंद से मिले थे। इसके बाद इस साल 10 जनवरी को उन्होंने वृंदावन पहुंचकर फिर से संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी। कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणाकी थी।



तीसरी बार कोहली पत्नी संग संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के कारण स्थगित आईपीएल लीग और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद कोहली पत्नी संग अनुष्का शर्मा के साथ श्री हित राधा केली कुंज आश्रम पहुंचे। दोनों ने आध्यात्मिक चर्चा की। प्रेमानंद महाराज ने उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर मन शांत किया।

## वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेहिंग ने साक्षात्कार लिए।

टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, 卐हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है।

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

## कौन होंगे टीम इंडिया में विराट कोहली और रोहित शर्मा के रिप्लेसमेंट?

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड दौरे से पहले भारत को दो बड़े झटके लगे हैं। दरअसल, टीम इंडिया के दो अनुभवी खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। जिस कारण टीम इंडिया में अनुभव की कमी दिखेगी। हालांकि, टीम इंडिया के बेंच पर कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो इनकी अनुभव की कमी तो पूरा नहीं कर सकते लेकिन अपने खेल से टीम इंडिया का भविष्य सजा सकते हैं।

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इससे पहले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से अचानक संन्यास ले लिया था। अब ये दोनों खिलाड़ी वनडे क्रिकेट खेलते रहेंगे और टेस्ट में इनकी कमी पूरी करने के लिए कई खिलाड़ी तैयार बैठे हैं।




**विराट कोहली की जगह लेंगे श्रेयस अय्यर!**

वनडे क्रिकेट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने वाले श्रेयस अय्यर, विराट कोहली के संन्यास के बाद सबसे बड़े दावेदार हैं। उनका कोहली की जगह टेस्ट टीम में खेलना लगभग तय माना जा रहा है। श्रेयस ने 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाया है। हालांकि, उनके नाम फर्स्ट क्लास में 15 शतक भी हैं। 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी रजत पाटीदार ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में कोहली की जगह ली थी। चयनकर्ताओं की बैठक में फिर से उनके नाम पर चर्चा हो सकती है। सरफराज खान का टीम इंडिया में शामिल होना तो तय है। सरफराज 1 शतक और 3 अर्धशतक लगा चुके हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका औसत 65.61 का है।

**करुण नायर भी दावेदार**

विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए खिलाड़ियों की फौज तैयार है लेकिन चयनकर्ता, जिस नाम पर सबसे ज्यादा कर सकते हैं, वो हैं करुण नायर। पिछले सीजन घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाकर सबको प्रभावित करने वाले इस बल्लेबाज को शामिल करने से टीम अनुभवी तो होगी ही साथ ही कोहली को रिप्लेस करने के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 23 सेंचुरी भी लगा चुके हैं।

**रोहित के जगह अभिमन्यु ईश्वरन**

101 फर्स्ट क्लास मुकाबलों में 27 शतक के साथ 7 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले अभिमन्यु ईश्वरन रोहित शर्मा को रिप्लेस करने के लिए सबसे आगे खड़े हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले टेस्ट से रोहित शर्मा के बाहर रहने के कारण से अभिमन्यु को ही टीम में चुना गया था लेकिन डेब्यू का मौका नहीं मिला। इसके अलावा साई सुदर्शन को भी रोहित के रिप्लेसमेंट के दावेदारे के रूप में देखा जा रहा है।

हादसों को आमंत्रण देने में जुटे आरटीओ साहब, उड़नदस्ता वाहन की मलाई ने भुलाई कार्यवाही

# परिवहन विभाग की लापरवाही ले रही लोगों की जान, सड़कों पर बैखोफ दौड़ रहे ओवरलोड वाहन, पुलिस-प्रशासन भी मौन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण ओवरलोड वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इन वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक सवारियां ठूंस-ठूंस कर भरी जा रही हैं जिससे सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं। प्रशासन और पुलिस की उदासीनता के कारण अभी तक इन वाहनों पर कोई सख्त कार्यवाही नहीं की गई है। पिछले कुछ महीनों में कई गंभीर हादसे में कितने की जान चली गई विभागीय अमले को इसकी भी कोई खबर नहीं है और आरटीओ साहब उड़नदस्ता वाहन से कमाई जा रही मलाई के हिसाब में इस तरह मशगूल हो गए हैं कि उन्हें ऐसे वाहनों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का होश ही नहीं रह गया है।




**ओवरलोड वाहन बन रहे जान के दुश्मन :** दरअसल जिले में यात्री वाहनों में सवारियों की जान से खिलवाड़ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के प्रमुख मार्गों पर लगातार ओवरलोड वाहन बेखौफ दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक सवारियां ठूंस-ठूंस कर भरी जा रही हैं, जिससे सड़क हादसे बढ़ते जा रहे हैं। खासकर फोरलेन हाइवे, मार्ग पर ओवरलोड वाहनों की स्थिति बेहद गंभीर है। जबकि उसी हाइवे आरटीओ विभाग का उड़नदस्ता वाहन चालानी पर्ची काटकर वाहन मालिकों में खौफ पैदा किए हुए हैं वाबजूद इसके मासिक इनकम की सांठ गांठ से सब असंभव कार्य संभव होते जा रहे हैं।

**3 सीटर ऑटो में 10 से 15 सवारियां:** जानकारी के मुताबिक प्रशासन और पुलिस की उदासीनता के कारण अभी तक इन वाहनों पर कोई सख्त कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे हालात बदतर होते जा रहे हैं और क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर 3-सीटर ऑटो में 10 से 15 सवारियां भरकर यात्रियों की जान जोखिम में डाली जा रही है तथा यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए इन वाहनों में सवारियों को भेड़-बकरियों की तरह ठूंस दिया जाता है। न सिर्फ वाहन में, बल्कि छत पर भी यात्रियों को बैठाया जाता है, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ जाता है। कुछ मार्गों पर 20-25 सवारियों से भरी जीपें धड़ल्ले से चल रही हैं, जिनमें अक्सर लोग पीछे लटककर सफर करने को मजबूर होते हैं।

यह गम्भीर स्थिति तब है जब क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में कुछ बड़े हादसे भी हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन और पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। वाहन मालिक चंद पैसों के लालच में यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है और दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। बताया जा रहा है कि इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है वहीं स्कूल में गर्मियों की छुट्टियां भी हुई हैं जिससे लोगों की आवाजाही बढ़ी है ऐसे में बहुतायत मात्रा में सड़कों पर घूम रहे सवारी किसी भी परिस्थिति में अपने गंतव्य तक पहुंचने की फिराक में रहते हैं जिसके कारण लोगों की मजबूरियों पर वाहन मालिक मजे कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी एसी कमरे में बैठकर रिश्वत की मलाई छान रहे हैं।

## सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट घोषित, ज्योति सिंह ने हासिल किए 97%

### मध्यप्रदेश में 82.46% छात्र उत्तीर्ण, रीवा की ज्योति सिंह ने हासिल किए 97%



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सीबीएसई ने मंगलवार को 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। देशभर में कुल 88.39% छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि मध्यप्रदेश का परिणाम 82.46% रहा। रीवा के ज्ञान स्थली स्कूल की छात्रा ज्योति सिंह ने कला संकाय में 97% अंक प्राप्त कर जिले में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसी जिले के बाल भारती स्कूल के पीयूष पटेल ने वाणिज्य में 96% और प्रियांशी शाह ने 95.8% अंक प्राप्त किए।

**10वीं में इन्हें मिली सफलता:** 10वीं कक्षा में बाल भारती स्कूल की अनुष्का पांडेय ने 96.6% अंक हासिल किए। इसी स्कूल के शौर्य मिश्रा और स्वेच्छा शर्मा ने 96.4% अंक प्राप्त किए। ज्ञान स्थली स्कूल की अक्षिता सिंह ने भी 96.4% अंक हासिल किए। 5 फरवरी से शुरू हुई परीक्षाओं के लिए मध्यप्रदेश में 475 और भोपाल में 36 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रदेश में सीबीएसई के कुल 1252 स्कूल हैं। इस वर्ष पहली बार परीक्षा से 86 दिन पहले डेटशीट जारी की गई, क्योंकि स्कूलों ने समय पर लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स जमा की।

## सतना के मझगवां कॉलेज में छात्रों का विरोध, गेट पर लगाया ताला



### मार्कशीट नहीं मिलने से परीक्षा फॉर्म नहीं भर पा रहे 98 छात्र

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के मझगवां महाविद्यालय में छात्रों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। कारण था कि प्रबंधन ने प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष की मार्कशीट अभी तक नहीं दी है। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रागनी त्रिपाठी के अनुसार, करीब 98 छात्र-छात्राओं को मार्कशीट नहीं मिली है। इस कारण वे आगामी परीक्षा के लिए फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। छात्रों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, वे धरना जारी रखेंगे।

महाविद्यालय प्रबंधन ने इस समस्या को लेकर संबंधित संस्था को पत्र लिखा है। पत्र में परीक्षा की तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। इसके बाद शाम को छात्रों का प्रदर्शन समाप्त हो गया। प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर कॉलेज के अंदर ही रहे।

## युवा संगम कार्यक्रम 16 मई को मऊगंज में




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज के शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में 16 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड पीथमपुर, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

सांसद, विधायक और कमिश्नर ने गौरी झिरिया की सफाई में किया श्रमदान

# ‘भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण अनिवार्य है’

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ जल सम्मेलन और सफाई करके आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के गंगेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा में जल सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि मानव सभी जीवों एवं वनस्पतियों के जीवन का आधार पानी है। प्रकृति ने हमें असीमित पानी प्रदान किया है। लेकिन जल संरक्षण पर ध्यान न देने और पानी की लगातार बरबादी से हमारे सामने पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। समय रहते जल संरक्षण के उपाय करें। हर व्यक्ति पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करे। यदि हमें भावी पीढ़ी का जीवन सुरक्षित रखना है तो जल संरक्षण करना अनिवार्य है। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन का उपयोग करें। नहाने तथा आम निस्तार में भी पानी का सोच-समझकर उपयोग करें। वर्षा के पानी को हर खेत और हर गांव में सहेजने का प्रयास करें। पानी के बिना पृथ्वी पर जीवन नहीं रहेगा। जल सम्मेलन का आयोजन ग्राम पंचायत रामपुर बुड़वा तथा जन अभियान परिषद द्वारा किया गया।



समारोह में सांसद ने कहा कि प्रशासन जल संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। हर आमजनता भी इनमें भागीदारी निभाए। सांसद श्री मिश्र ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कमिश्नर बीएस जामोद द्वारा चलाए गए आपरेशन प्रखर की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपरेशन प्रखर के कारण रीवा संभाग के 66 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट सूची में स्थान बनाया है। सम्मेलन में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री जी के नेृत्व में पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर व्यक्ति जल संरक्षण कार्यों में श्रमदान करके इस अभियान में अपना योगदान दे। सबके सहयोग से ही जल संरक्षण का उद्देश्य पूरा होगा। गांव में पर्याप्त पानी रहने पर ही समृद्धि आएगी।

सम्मेलन में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि हमारे पुरखों ने नदियों और जलाशयों को पवित्र मानकर उनकी पूजा की। पूर्वजों को जल संरक्षण का महत्व मालूम था। वृक्षारोपण और जल संरक्षण के कार्य को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता था। हमारे पुरखों ने जो जल संचय किया उसका सुख हमारी पीढ़ी को मिला है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि जल संरक्षण की परंपरा को बनाए रखते हुए वर्षा जल को धरा में अधिक से अधिक भण्डारित करने का प्रयास करें। छोटे-छोटे कार्यों और प्रयासों से जल संरक्षण का बड़ा उद्देश्य पूरा होगा। धरा में जल भण्डार समृद्ध हुए तभी हम सबका जीवन सुरक्षित रहेगा। हर व्यक्ति अपने गांव के जल स्रोतों और नदी नालों के उ–म स्थलों की साफ-सफाई में योगदान करे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों तथा अभियान के तहत जिले भर में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों की जानकारी दी। जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने नदी के प्राचीन उ–म गौरीकुण्ड के जीर्णोद्धार और नदी को सदैव प्रवाहमान बनाए रखने के लिए आमजनों से सहयोग का आहवान किया।

जल सम्मेलन के बाद सांसद, विधायक, कमिश्नर, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं आमजनों ने बकचा नदी के गौरी कुण्ड झिरिया की साफ-सफाई में श्रमदान किया। बारहमासी नाले में स्टापडैम की मरम्मत और बोरी बांध बनाने का कार्य भी किया गया। जल सम्मेलन में ग्राम पंचायत के सभी अतिथियों को जल गंगा संवर्धन अभियान में योगदान देने के लिए शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, जनपद के सीईओ प्राची चौबे, तहसीलदार सुमित गुप्ता, नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला, विकासखण्ड समन्वयक अनीता मिश्रा, अमित अवस्थी, विष्णुदेव कुशवाहा, शैलेन्द्र दुबे, स्वामी उमेशानंद, संतोष साहू तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जल संरक्षण के गीत गाते हुए कलश यात्रा निकाली।

## पहले बेटे की हत्या, अब मां को मारी गोली, रीवा रेफर



### तीन आरोपी गिरफ्तार, पुलिस बोली- दोनों मामलों में कोई कनेक्शन नहीं

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के कोलगवां के नई बस्ती में सोमवार देर रात 45 वर्षीय महिला को गोली मार दी गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, बाद में रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया लिया है, जबकि पांच अन्य आरोपियों की पहचान की गई है।

इस घटना से पहले घायल महिला अनीता के बेटे शुभम की 14 मार्च को हत्या हुई थी। होली की रात दो पक्षों के विवाद में शुभम ने बीच-बचाव किया था, जिससे नाराज होकर उत्कर्ष सिंघानिया और उसके साथी शुभम को उठा ले गए थे। रात 11 बजे शुभम गंभीर हालत में केंद्रीय विद्यालय के पास मिला था, जहां उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पीड़िता के पति ईश्वर सिंह ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि बेटे की हत्या में शामिल कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं, और उनकी शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। हालांकि, कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि मामले की जांच चल रही है और फिलहाल इस गोलीकांड का बेटे की हत्या से कोई संबंध नहीं मिला है।

सोमवार को महिला पर गोली चलने के आरोप में पुलिस ने रवि मिस्त्री और दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और उनके पति नंदकिशोर सिंह ने बयान दिया है, जिसमें पांच अन्य आरोपियों के नाम भी शामिल किए गए हैं।

नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में मॉकड्रिल करें

# आपात स्थिति में सुरक्षा तथा बचाव कार्य के लिए पूरी तैयारी रखें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आपातकाल में नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में तैयारियों की बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन द्वारा आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्य तथा नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करते हुए जिले भर में आपात स्थिति में सुरक्षा तथा बचाव कार्य के लिए पूरी तैयारी रखें। आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी व्हाट्सऐप के माध्यम से एक-दूसरे से संपर्क में रहें। आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बना दिया गया है। इसमें महत्वपूर्ण सूचनाएं उपलब्ध कराते रहें। दुश्मन देश द्वारा आक्रमण की स्थिति में नागरिकों को बड़ी बस्तियों से दूर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए स्थलों का निर्धारण कर लें।



कलेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह की आपाति स्थिति आने पर सीमेंट कटर मशीन, जेसीबी, क्रेन जैसे उपकरणों की तत्काल आवश्यकता होती है। जिन व्यक्तियों के पास ऐसे उपकरण उपलब्ध हैं उनकी सूची जिला और तहसील स्तर तक बना लें। सभी एसडीएम अस्पताल में आपात स्थिति में किए जाने वाले उपचार प्रबंधों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिले भर में सिविल डिफेंस वालेंटियर बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में वालेंटियर्स को राहत, बचाव तथा प्राथमिक उपचार की पूरी जानकारी दें। महत्वपूर्ण फोन नम्बरों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों के नंबरों की सूची इन्हें उपलब्ध कराएं। जिला कमांडेंट होमगार्ड वालेंटियर्स के प्रमुख कार्यों का पम्पलेट बनाकर इसका वितरण कराएं। सभी एसडीएम एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, विद्युत स्टेशन, सोलर पावर स्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करें। बैठक में कलेक्टर ने सार्वजनिक व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के भण्डारण, वाहन व्यवस्था, अग्निशमन सेवा तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के लिए शासन के निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय प्लान तैयार कर लिया गया है। इसमें संबंधित विभागों को निर्धारित कार्यों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की आपात स्थिति आने पर सभी विभाग समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए एयरपोर्ट, सोलर पावर प्लांट, टोंस जल विद्युत केन्द्र जैसे प्रमुख स्थलों पर मॉकड्रिल अनिवार्य रूप से करें। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों तथा सैनिकों को भी वालेंटियर्स के रूप में शामिल करें। प्रत्येक गांव में सरपंच अथवा अन्य एक-दो जिम्मेदार नागरिकों के फोन नम्बर लेकर उसे व्हाट्सऐप ग्रुप में शामिल करें जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी आपात स्थिति में महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दी जा सकें। आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। इनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें।

बैठक में एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आंतरिक सुरक्षा और आपदा के समय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्लान की बिन्दुवार जानकारी दी। एडीएम ने कहा कि प्लान में सौंपी गई जिम्मेदारी के अनुसार सभी अधिकारी अपनी भूमिका निभाएं। संचार माध्यमों और सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, सभी एसडीएम, एसडीओपी, टीआई तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी संटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।